वर्ष 24, अंक 296, पृष्ठ 08, मूल्यः 3.00

# अखंड भारत संदेश

www.akhandbharatsandesh.net

प्रयागराज से प्रकाशित

नगर संस्करण प्रयागराज | मंगलवार 5 मई 2026 | विश्व निर्माण एवं मानव विकास को द्रुतगति प्रदान करने हेतु क्रियायोग आश्रम एवं अनुसंधान आश्रम की अनुपम भेंट

## बंगाली धोती-कुर्ता पहन बीजेपी मुख्यालय पहुंचे पीएम मोदी...

## '4 मई, टीएमसी गई' के नारे से स्वागत





'बंगाल की धरा पर नया सूर्योदय हुआ, एक ऐसा सवेरा जिसका इंतजार पीढ़ियों ने किया'- पीएम



**तमिलनाडु** — LEAD + WON- 234/234

| TVK | DMK+ | ADMK+ | OTH |
|---|---|---|---|
| 108 | 76 | 50 | 00 |

**असम** — LEAD + WON- 126/126

| BJP | CONG+ | OTH |
|---|---|---|
| 102 | 19 | 05 |

**केरलम** — LEAD + WON- 140/140

| CONG+ | LEFT+ | OTH |
|---|---|---|
| 102 | 35 | 03 |

**पुदुचेरी** — LEAD + WON- 30/30

| BJP+ | CONG+ | OTH |
|---|---|---|
| 17 | 06 | 07 |

# बंगाल-असम में बीजेपी की महाविजय

## 'मोदी जी को जय श्री राम' बीजेपी मुख्यालय में गूंज रहे नारे

**पश्चिम** बंगाल विधानसभा चुनाव के नतीजे जारी किए जा रहे हैं. सुबह 8 बजे से काउंटिंग शुरू हो गई है. फाल्टा को छोड़कर सभी 293 सीटों पर चुनावी परिणाम के लिए वोटों की गिनती की जारी है. लगभग दोपहर 12 बजे तक तस्वीर साफ हो जाएगी. फिल्हाल राज्य में 293 सीटों पर पहला रुझान आ गया है.

आज सबसे बड़ा सवाल है कि क्या तृणमूल कांग्रेस यानी ळटउ अपनी साख बचा पाएगी, सत्ता में वापसी कर पाएगी. या इस बार राज्य में कमल खिलने कामयाब हो पाएगा. फिलहाल दोनों पार्टियों के बीच कड़ी टक्कर देखने को मिल रही है.

पश्चिम बंगाल में एक बार फिर ममता बनर्जी या इस बार शुभेंदु अधिकारी? कौन का होगा राज्य का अगला चेहरा

इस बार पश्चिम बंगाल का चुनाव कई मायनों में अलग रहा है. चुनाव के दौरान हुई वोटिंग ने ऐतिहासिक आंकड़ा कायम किया है. पहली बार राज्य में दो चरणों में चुनाव हुए हैं. इस दौरान छिटपुट हिंसा और झड़प की खबरें भी आई हैं. साथ ही स्ट्रांग रूम की सुरक्षा को लेकर विवाद भी बना रहा.

पहली बार है, जब चुनावी प्रक्रिया के दौरान किसी भी तरह की मौत की खबर नहीं आई. बंगाल में इस बार सीआरपीएफ तैनात की गई थी. देश के इतिहास में पहली बार इतनी वोटिंग हुई है. इस बार का वोटिंग परसेंट 92 प्रतिशत के आंकड़े को पार कर गया है. जिन जगह पर रिपोलिंग हुई, उसका ग्राफ भी रिकॉर्ड तोड़ रहा है. एक्सपट्‌र्स का मानना है कि वोटों में इतनी बढ़ोतरी के पीछे मजदूर हैं, जो अपने राज्य लौटे हैं. इस चुनाव में यह एक एक्स फैक्टर साबित हुआ है.

बीजेपी और टीएमसी में कड़ी टक्कर

बीजेपी ने इस चुनाव ळटउ के खिलाफ खूब भुनाया है. यहां 15 साल से काबिज टीएमसी के खिलाफ पनपी एंटी इनकंबेसी को बीजेपी ने हवा दी है. इसके अलावा आरजीकर रेप केस और कस्बा लॉ कॉलेज जैसी घटनाओं ने महिला सुरक्षा के मुद्दे ने टीएमसी पर काफी प्रेशर डाला है. एक्सपट्‌र्स मानकर चल रहे हैं, कि इस बार शहरी और पढ़े लिखे मिडिल क्लास का गुस्सा टीएमसी को लेकर रहा है। उनका वोट बीजेपी के पक्ष में जा सकता है.

टीएमसी की बात करें तो 15 साल से सत्ता पर काबिज तृणमूल एक शक्तिशाली पार्टी के तौर पर मजबूत नजर आती है. उनकी मजबूत नींव ही इस चुनाव में उनके लिए फायदेमंद है. ग्रामीण इलाकों में लक्ष्मी भंडार की लोकप्रियता ने भी तृणमूल के पक्ष में माहौल मजबूत किया है. इसके अलावा एसआईआर के चलते भी मुस्लिम समुदाय का वोट तृणमूल को गया है. ऐसे में माना जा रहा है कि तृणमूल ने इस चुनाव में अपनी खोई जमीन हासिल की है. लोगों में विश्वास तो मजबूत हुआ है. हालांकि, सबसे इतर दो एग्जिट पोल को छोड़ दें, तो सभी ने इस बार बीजेपी की सरकार बनने का दावा किया है.

## 'बंगाल के लोगों के सामने नतमस्तक हूं, कार्यकताओं को सलाम', बंगाल में पार्टी के प्रदर्शन से गदगद हुए पीएम

भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव 2026 में शानदार जीत हासिल करने के लिए पूरी तरह तैयार है और परिणाम न केवल चुनावी जीत का संकेत देते हैं बल्कि पार्टी के लिए एक बड़ी वैचारिक सफलता भी हैं। पश्चिम बंगाल दशकों से पार्टी के लिए एक अधूरा प्रोजेक्ट रहा है, क्योंकि भाजपा के पूर्ववर्ती जनसंघ के संस्थापक श्यामा प्रसाद मुखर्जी इसी राज्य से थे और उन्होंने स्वतंत्रता-पूर्व भारत में हिंदुत्व की राजनीति की दिशा तय करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी।

इस बीच बंगाल की जीत पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का भी ट्वीट आ गया है। मोदी ने एक्स पर लिखा कि पश्चिम बंगाल में कमल खिल उठा! पश्चिम बंगाल



विधानसभा के 2026 के चुनाव हमेशा याद रखे जाएंगे। जनता की शक्ति की जीत हुई है और भाजपा की सुशासन की राजनीति विजयी हुई है। मैं पश्चिम बंगाल के प्रत्येक नागरिक को नमन करता हूँ। उन्होंने कहा कि जनता ने भाजपा को शानदार जनादेश दिया है और मैं उन्हें विश्वास दिलाता हूँ कि हमारी पार्टी पश्चिम बंगाल के लोगों के सपनों और आकांक्षाओं को पूरा करने के लिए हर संभव प्रयास करेगी। हम ऐसी सरकार प्रदान करेंगे जो समाज के सभी वर्गों को अवसर और सम्मान सुनिश्चित करे।

नरेंद्र मोदी ने कहा कि पश्चिम बंगाल में भाजपा की रिकॉर्ड तोड़ जीत पीढ़ियों से अनगिनत कार्यकताओं के प्रयासों और संघर्षों के बिना संभव नहीं होती। मैं उन सभी को सलाम करता हूँ। वर्षों से उन्होंने जमीनी स्तर पर कड़ी मेहनत की है, हर तरह की कठिनाइयों का सामना किया है और हमारे विकास एजेंडे के बारे में बात की है। वे हमारी पार्टी की ताकत हैं। अमस को लेकर पीएम ने लिखा कि असम ने एक बार फिर भाजपा-एनडीए को आशीर्वाद दिया!

उन्होंने कहा कि असम विधानसभा चुनावों में भाजपा-एनडीए की जीत हमारे गठबंधन के विकास और जनजीवन में सकारात्मक बदलाव लाने के संकल्प के प्रति अटूट समर्थन को दशार्ती है।

मैं असम के अपने सभी भाइयों और बहनों को इस शानदार जनादेश के लिए धन्यवाद देता हूं।

## बंगालवासियों ने घुसपैठियों और उनके हितेषियों को ऐसा सबक सिखाया-बंगाल में प्रचंड जीत पर बोले गृहमंत्री

**पश्चिम बंगाल**

**पश्चिम** बंगाल में बीजेपी की शानदार प्रदर्शन पर गृहमंत्री अमित शाह ने प्रतिक्रिया दी है. साथ ही उन्होंने तुष्टीकरण की राजनीति करने वालों को लेकर भी अपनी बात रखी है. बंगाल में 4 मई को आ रहे चुनाव परिणाम पर अमित शाह ने खुशी जाहिर करते हुए एक्स पर पोस्ट किया है.

उन्होंने कहा कि बंगालवासियों ने घुसपैठियों और उनके हितैषियों को ऐसा सबक सिखाया है, जिसे तुष्टीकरण की राजनीति करने वाली पार्टियां कभी भूल नहीं पाएंगी. बंगाल ने जिन आशाओं और आकांक्षाओं के साथ मोदी जी के नेतृत्व पर यह विश्वास जताया है, हम निश्चित रूप से उन्हें पूरा करेंगे. उन्होंने कहा कि चैतन्य महाप्रभु, स्वामी विवेकानंद, कविगुरु टैगोर,



नेताजी सुभाष चन्द्र बोस और डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी जैसे महापुरुषों की पावन भूमि बंगाल का खोया गौरव लौटाने और 'सोनार बांग्ला' के स्वप्न को साकार करने के लिए भाजपा दिन-रात एक कर देगी.

कार्यकताओं को समर्पित की बंगाल की जीत

शाह ने कहा कि बंगाल में भाजपा को मिली यह ऐतिहासिक जीत हमारे असंख्य कार्यकताओं के त्याग, संघर्ष और बलिदान का परिणाम है. यह उन परिवारों के धैर्य की जीत है, जिन्होंने हिंसा सहकर भी भगवा ध्वज नहीं छोड़ा.

उन्होंने कहा कि भाजपा की शून्य से आज प्रचंड बहुमत तक पहुंचने की इस कठिन यात्रा में जिन कार्यकताओं ने अपने प्राणों की आहुति दी, हिंसा झेली, यातनाएं सहीं और फिर भी विचारधारा के पथ से डिगे नहीं, उन सभी कार्यकताओं और उनके परिजनों को नमन करता हूं. बंगाल की जनता ने इस प्रचंड बहुमत से भाजपा के उन सभी शहीद कार्यकताओं को श्रद्धांजलि दी है.

शाह बोले- यह मोदी जी पर भरोसे की जीत है इसके अलावा उन्होंने कहा कि इस ऐतिहासिक जीत के लिए बीजेपी के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नबीन समेत अन्य नेताओं का आभार व्यक्त किया. साथ ही कहा कि बंगाल के कोने-कोने में डटे हर एक कार्यकताओं को बधाई देता हूं।

## 'विजय की जीत ऐतिहासिक...', तमिलनाडु चुनावी रिजल्ट पर पिता चंद्रशेखर हुए भावुक, बोले- बेटे पर गर्व है


**तमिलनाडु**

**तमिलनाडु** में इस बार के विधानसभा चुनाव में बड़ा बदलाव हुआ है. पारंपरिक क्षेत्रीय पार्टी को नकारते हुए राज्य की जनता ने नई पार्टी को राज्य की सत्ता की चाबी सौंपी है. यहां एक्टर विजय थलापति की पार्टी टीवीके सबसे बड़ी पार्टी बनकर उभरी है. एक्टर जोसेफ विजय चंद्रशेखर ने तीन साल पहले तमिलगा वेत्री कड़गम पार्टी का गठन किया था और अब इसने कीर्तिमान रच दिया है. ळश्ङ चुनावी मतगणना में 100 के आंकड़े को पार कर चुकी है. ऐसे में उनका नारा सच होता दिख रहा है, इसमें उन्होंने कहा था कि विजय आएगा.

अपने बेटे की इस जीत की खुशी में उनके पिता ने भी प्रतिक्रिया दी है. वह काफी भावुक नजर आए. एक्टर विजय के पिता और फिल्म निर्देशक एस.ए. चंद्रशेखर खुशी और गर्व महसूस कर रहे हैं. उन्होंने कहा कि उन्हें अपने बेटे पर बहुत गर्व है. पिछले दो सालों में विजय का आत्मविश्वास काफी मजबूत हुआ है. उन्होंने विजय की पार्टी की इस जीत को ऐतिहासिक करार दिया. उन्होंने कहा कि चुनाव रिजल्ट ऐतिहासिक हैं. विजय के लिए ऐतिहासिक जीत है.

बिना किसी गठबंधन के लड़ना, विजय





की हिम्मत को दशार्ता हैः चंद्रशेखर

उन्होंने कहा कि बिना किसी गठबंधन के अकेले दम पर चुनाव लड़ने का विजय का फैसला उनकी हिम्मत और नेतृत्व क्षमता को दिखाता है. विजय ने तमिलनाडु की जनता के साथ एक मजबूत रिश्ता बनाया है. राज्य में उन्हें एक नेता से बढ़कर बेटे या भाई के रूप में प्यार करते हैं. अपने बेटे की सफलता पर चंद्रशेखर थोड़े भावुक भी नजर आए.

कांग्रेस का अपना गौरवशाली इतिहास और परंपरा रही हैः चंद्रशेखर

इसके अलावा उन्होंने किस पार्टी का समर्थन लेने के सवाल पर कहा कि कांग्रेस का अपना गौरवशाली इतिहास और परंपरा रही है. इतनी मजबूत विरासत के बावजूद पार्टी कमजोर क्यों हो रही है? इसकी वजह है सत्ता की कमी. जब कोई पार्टी लगातार दूसरों को समर्थन देती है, तो उसका जनाधार कमजोर होने लगता है.

उन्होंने कहा कि कांग्रेस को वह शक्ति हम देंगे. हम नहीं, बल्कि विजय कांग्रेस को वह ताकत देने के लिए तैयार हैं. अगर कांग्रेस को यह सत्ता मिलती है, तो वह अपनी पुरानी पहचान और मजबूती को फिर से हासिल कर सकती है. कांग्रेस को इस मौके का पूरा इस्तेमाल करना चाहिए.

# खनन माफियाओं का आतंक : किसानों की जमीन खोखली, प्रशासन मौन

**अखंड भारत संदेश**



**करछना।** क्षेत्र के चनैनी गांव में खनन माफियाओं का दुस्साहस लगातार बढ़ता जा रहा है। आरोप है कि माफिया बेखौफ होकर किसानों की उपजाऊ जमीन को निशाना बना रहे हैं और रात-दिन अवैध तरीके से मिट्टी की चोरी कर उसे बाजार में बेच रहे हैं। इस गंभीर मामले ने न सिर्फ किसानों की आजीविका पर संकट खड़ा कर दिया है, बल्कि प्रशासन की कार्यशैली पर भी सवाल खड़े कर दिए हैं। ग्राम चनैनी निवासी रमाकांत तिवारी, संजीव तिवारी व अन्य ग्रामीणों ने आरोप लगाया है कि उनकी करीब दो बीघा कृषि भूमि से खनन माफियाओं ने रात के अंधेरे में लगभग डेढ़ मीटर तक मिट्टी निकाल ली। इससे खेत पूरी तरह बर्बाद हो गए हैं और अब खेती योग्य नहीं बचे हैं। पीड़ितों का कहना है कि यह कोई एक दिन की घटना नहीं, बल्कि कई महीनों से लगातार चल रहा संगठित अवैध खनन है, जिसमें स्थानीय स्तर पर मिलीभगत की आशंका भी जताई जा रही है।

ग्रामीणों के मुताबिक माफिया दिन-रात ट्रैक्टर और जेसीबी के जरिए मिट्टी निकालते हैं, लेकिन शिकायत के बावजूद प्रशासन आंख मूंदे बैठा है। पीड़ितों ने थाना औद्योगिक क्षेत्र में तहरीर दी, फिर भी अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई। अब उन्होंने मुख्यमंत्री को प्रार्थना पत्र भेजकर न्याय की गुहार लगाई है।

ग्रामीणों में आक्रोश है और उन्होंने चेतावनी दी है कि यदि जल्द कार्रवाई नहीं हुई तो वे आंदोलन के लिए मजबूर होंगे। लोगों ने अवैध खनन में लिप्त माफियाओं के खिलाफ सख्त कार्रवाई और अपनी जमीन की सुरक्षा सुनिश्चित करने की मांग की है।

## सैकड़ों बीघा किसान की उपजाऊ जमीन पानी के रिसाव से हो गयी बंजर

**अखंड भारत संदेश**



**बारा प्रयागराज।** तहसील अंतर्गत मिश्रापुर में स्थित बारा पावर प्लांट क्षेत्र के किसानों के लिए अभिशाप बन गया है।फ्लाई ऐश तालाब से रिसकर पानी किसानों के खेतों में जा रहा है। इसके कारण खेत तालाब बन गए हैं। लगभग दस सालों से किसान अपने अपने खेतों की बुवाई नहीं कर पा रहे हैं।

बारा पावर प्लांट के फ्लाई ऐश तालाब से हो रहा सीपेज (रिसाव) आसपास के कपारा, खान सेमरा, भेलाव, पिपरांव आदि गांवों के लगभग सौ बीघा खेतों को बर्बाद कर रहा है। जहरीले पानी के कारण सैकड़ों बीघा उपजाऊ जमीन बंजर हो चुकी है, जहां पिछले कई वर्षों से फसल तक नहीं हो पा रही है।

भारतीय जनता पार्टी के कार्यसमिति सदस्य सुबोध सिंह ने बताया कि अकेले कपारी गांव के कविता देवी,कुसुम कली देबी, त्रियुगीनारायण, मनोज पांडेय, सुबोध सिंह, इंद्रजीत मिश्रा, शिव शंकर मिश्रा सहित दो दर्जन किसानों के लगभग चालीस बीघा खेत दस साल से जल से भरे रहते हैं। किसानों के समक्ष रोजी-रोटी की समस्या आ गई है।किसानों ने इस संबंध में शिकायती पत्र कई बार कंपनी प्रबंधन, उप जिलाधिकारी बारा, जिलाधिकारी प्रयागराज और उप मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश सरकार को दिया है लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई। हालात यह हैं कि जिन खेतों में कभी हरियाली लहलहाती थी, वहां अब सिर्फ पानी और झाड़ियां नजर आती हैं। इससे किसानों में आक्रोश है और किसान किसी बड़े आंदोलन की तैयारी में है।इस संबंध में एसडीएम बारा डॉक्टर गणेश कनौजिया ने बताया कि किसानों के शिकायती पत्र के आधार पर स्थलीय निरीक्षण किया गया है और पीपीजीसीएल प्रबंधन से वार्ता की गई है। शीघ्र ही समाधान होगा।

## करछना में सड़क हादसा : इलाज के दौरान महिला की मौत



**करछना।** थाना क्षेत्र के करेहा गांव में रविवार रात सड़क हादसे में एक महिला की मौत हो गई। बताया जाता है कि महिला सड़क किनारे खड़ी थी, तभी मोबाइल पर बात करते हुए आ रहे बुलेट सवार ने उसे टक्कर मार दी।करेहा गांव निवासी गीता देवी (55) पत्नी शंकर लाल पटेल रविवार रात करीब 10 बजे अपने घर के बाहर सड़क किनारे खड़ी थीं। इसी दौरान गौहनिया की ओर से आ रहे बुलेट सवार ने उन्हें जोरदार टक्कर मार दी, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गईं। घटना के बाद परिवार के लोग उन्हें सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र करछना ले गए, जहां डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार के बाद हालत गंभीर देखते हुए शहर के लिए रेफर कर दिया।परिजन उन्हें इलाज के लिए ले जा रहे थे, तभी रास्ते में ही उनकी मौत हो गई। महिला की मौत की खबर मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया।

## बस से कीमती बैग चोरी अज्ञात महिला पर मुकदमा दर्ज

**मऊआइमा।** बस पर बैठ कर अपने घर जारहे व्यक्ति का बैग चोरी हो गया।पुलिस ने अज्ञात महिला के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। सुल्तानपुर जनपद के थाना अखंडनगर निवासी राज प्रताप सिंह का कहना है कि वह प्रयागराज के लिए बस पर बैग लेकर बैठा। बगल में एक महिला बैठी थी।जब वह मऊआइमा पहुंचा तो कीमती बैग चोरी हो गया था।और महिला नहीं थी।राज प्रताप ने अज्ञात महिला के खिलाफ मुकदमा दर्ज करा दिया है।

## नई लाइन निर्माण पर छह दिन बंद रहेगी, दिन में बिजली

**नैनी।** नैनी क्षेत्र के जेल रोड उपखंड से जुड़े इंदलपुर विद्युत उपकेंद्र के तहत आगामी पांच से लेकर दस मई तक दिन में सात घंटे बिजली आपूर्ति बंद रहेगी। संबंधित एसडीओ विक्रांत जैस बताया कि इंदलपुर विद्युत उपकेंद्र से एसटीपी हेतु नई लाइन के निर्माण का कार्य होने की वजह से उक्त उपकेंद्र से जुड़े बुद्ध नगर व महेवा फीडर से संबंधित इंदलपुर रोड, गंगोत्री नगर तिराहा, महेवा, सिद्धिक नगर, दौलतिया मस्जिद, खान चौराहा, महेवा गेट, महेवा पूरब पट्टी, महेवा पश्चिम पट्टी आदि मोहल्लों की बिजली आपूर्ति आगामी पांच से लेकर दस मई तक सुबह 10 से शाम 5 बजे तक बंद रहेगी। सभी उपभोक्ताओं से अपील किया गया है कि वह समय रहते ही पानी आदि की व्यवस्था पूर्व कर लें। ताकि कार्य के दौरान उन्हें किसी भी प्रकार की परेशानियों से परेशान न होना पड़े।

# तीन राज्यों में एनडीए की प्रचंड जीत पर कार्यकर्ताओं संग विधायक बारा ने मनाया जश्न

- गौहनिया स्थित एम वी कॉन्वेंट स्कूल में कार्यकताओं ने फोड़े पटाखें, बांटी मिठाईयां
- यह प्रचंड जीत कार्यकर्ताओं के मेहनत से मिली - डॉ वाचस्पति



**जसरा।** पश्चिम बंगाल, असम और पुदुचेरी में एनडीए को मिली चुनावी सफलता और विशेष रूप से गठबंधन की जीत का जश्न उत्तर प्रदेश के प्रयागराज में भी बड़े उत्साह के साथ देखा गया। प्रयागराज के बारा विधायक डॉ. वाचस्पति ने अपने समर्थकों के साथ इस जीत पर भव्य उत्सव मनाया। विधायक डॉ. वाचस्पति के आवास और क्षेत्रीय कार्यालय पर समर्थकों की भारी भीड़ जुटी। कार्यकर्ताओं और स्थानीय जनता के बीच मिठाइयां बांटकर एक-दूसरे का मुंह मीठा कराया गया। इस दौरान समर्थकों ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और शीर्ष नेतृत्व के समर्थन में जमकर नारेबाजी की।

इस अवसर पर मीडिया और समर्थकों को संबोधित करते हुए डॉ. वाचस्पति ने कहा कि यह जीत प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी की नीतियों और जनता के अटूट विश्वास का परिणाम है। असम में दोबारा सरकार बनना और अन्य राज्यों में पार्टी का मजबूत प्रदर्शन यह दशार्ता है कि देश की जनता विकासवाद की राजनीति के साथ है।

बता दें कि प्रयागराज की बारा विधानसभा में हुए इस जश्न ने न केवल स्थानीय कार्यकताओं के मनोबल को बढ़ाया, बल्कि आगामी राजनीतिक समीकरणों के लिए भी एकजुटता का संदेश दिया। डॉ. वाचस्पति, जो अपने क्षेत्र में काफी सक्रिय माने जाते हैं, उन्होंने इस आयोजन के जरिए संगठन की मजबूती का प्रदर्शन किया। उक्त अवसर पर भाजपा, अपना दल एस, निषाद पार्टी, एम वी ग्रुप, के पदाधिकारियों सहित दर्जनों लोग मौजूद रहें।

# 'मेरे बच्चे' का जादू बरकरार, दूसरा शो भी हाउसफुल संवेदनाओं और नैतिक द्वंद्व ने बांधा समां

**अखंड भारत संदेश**



**प्रयागराज।** Arthur Miller के चर्चित नाटक All My Sons पर आधारित हिंदी रंग प्रस्तुति 'मेरे बच्चे' ने शहर के रंगमंच पर गहरी छाप छोड़ी है। बैकस्टेज संस्था द्वारा प्रस्तुत इस नाटक का दूसरा शो भी हाउसफुल रहा, जिससे दर्शकों में इसकी लोकप्रियता का अंदाजा लगाया जा सकता है।

प्रवीण शेखर के निर्देशन में मंचित इस नाटक ने व्यक्तिगत स्वार्थ और सामाजिक दायित्व के बीच के तीखे संघर्ष को प्रभावशाली ढंग से प्रस्तुत किया। पिता-पुत्र के जटिल रिश्तों के जरिए अपराधबोध, नैतिकता और प्रायश्चित जैसे गंभीर विषयों को संवेदनशीलता के साथ मंच पर उभारा गया।

नाटक का हिंदी रूपांतरण प्रतिभा अग्रवाल ने किया है। द्वितीय विश्वयुद्ध की पृष्ठभूमि पर आधारित इस कहानी में एक उद्योगपति द्वारा सेना को दोषपूर्ण सामग्री उपलब्ध कराने के कारण कई पायलटों की मृत्यु हो जाती है। वह अपने अपराध का दोष साझीदार पर डालकर बच निकलता है, लेकिन जब सच्चाई उसके बेटे के सामने आती है, तो घटनाक्रम भावनात्मक और नैतिक टकराव की ओर बढ़ता है। अंततः अपराधबोध से ग्रस्त पिता का आत्मघाती निर्णय कथा को चरम पर पहुंचाता है।

भारतीय परिवेश में ढाली गई यह प्रस्तुति इलाहाबाद के आसपास के एक छोटे शहर की पृष्ठभूमि में समाज की जटिलताओं को भी उजागर करती है। नाटक आज के दौर में भी उतना ही प्रासंगिक नजर आता है, जब निजी लाभ के लिए सामाजिक जिम्मेदारियों की अनदेखी के उदाहरण सामने आते रहते हैं।

संस्कृति मंत्रालय, भारत सरकार के सहयोग से तैयार इस प्रस्तुति में सतीश तिवारी, अमर सिंह और चाहत जायसवाल ने अपने प्रभावशाली अभिनय से दर्शकों को बांधे रखा। वहीं, दिलीप श्रीवास्तव, उपासना तिवारी, कुमार सानू और वर्षा सिंह ने भी सशक्त भूमिकाएं निभाकर नाटक को मजबूती दी।

अमर सिंह का संगीत और टोनी सिंह की प्रकाश योजना ने प्रस्तुति को और प्रभावी बनाया। मंचीय स्पेस का रचनात्मक उपयोग और कलाकारों की जीवंत अभिव्यक्ति ने इस नाटक को यादगार बना दिया।

## प्रयागराज में 8 वर्षीय बच्चे की हत्या का खुलासा, दंपती गिरफ्तार

**अखंड भारत संदेश**




**प्रयागराज।** धूमनगंज थाना क्षेत्र में 8 वर्षीय मासूम की हत्या के मामले में पुलिस ने एक दंपती को गिरफ्तार कर घटना का खुलासा किया है। पुलिस ने आरोपियों की निशानदेही पर हत्या में प्रयुक्त बेल्ट, बैट और चिमटा भी बरामद किया है। पुलिस के मुताबिक, यह घटना 2 मई 2026 को हुई थी, जब आरोपियों ने एक बच्चे की हत्या कर दी थी। मामले में दर्ज मुकदमा संख्या 139/2026 के तहत कार्रवाई करते हुए धूमनगंज थाना पुलिस ने सोमवार को नीमसराय इलाके से दोनों आरोपियों को गिरफ्तार किया। गिरफ्तार आरोपियों में अवैदुल हक (27) निवासी बेगम बाजार, बमरौली थाना पूरामुफ्ती और सीमा (30) निवासी बुद्धपुरी, सरायअकिल जनपद कौशाम्बी शामिल हैं। पूछताछ के दौरान दोनों ने घटना में अपनी संलिप्तता स्वीकार की, जिसके बाद उनकी निशानदेही पर हत्या में प्रयुक्त सामान बरामद किया गया।

पुलिस ने बताया कि आरोपियों के खिलाफ बीएनएस की संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर आगे की विधिक कार्रवाई की जा रही है। इस कार्रवाई में थाना प्रभारी धनंजय कुमार पांडेय के नेतृत्व में पुलिस टीम ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। टीम में उपनिरीक्षक सुधीर कुमार पांडेय, उपनिरीक्षक सागर, महिला उपनिरीक्षक आकृति पांडेय समेत अन्य पुलिसकर्मी शामिल रहे।

## राष्ट्रीय लोक अदालत को लेकर जागरूकता अभियान तेज, प्रचार वाहन रवाना

**अखंड भारत संदेश**




**प्रयागराज।** जनपद में 9 मई को आयोजित होने वाली राष्ट्रीय लोक अदालत को सफल बनाने के लिए सोमवार को न्यायालय परिसर से प्रचार वाहन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। इस दौरान आम लोगों को लोक अदालत के प्रति जागरूक करने पर जोर दिया गया। सत्य प्रकाश त्रिपाठी, जनपद न्यायाधीश एवं अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण ने प्रचार वाहन को रवाना किया। उन्होंने कहा कि लोक अदालत के माध्यम से वादों का त्वरित और सुलह के आधार पर निस्तारण संभव है, जिससे समय और धन दोनों की बचत होती है। प्रचार वाहन शहर के विभिन्न इलाकों में जाकर लोगों को 9 मई को आयोजित होने वाली राष्ट्रीय लोक अदालत के बारे में जानकारी देगा। इसके साथ पराविधिक स्वयंसेवकों द्वारा भी जनजागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। इस अवसर पर प्रथम नोडल अधिकारी लोक अदालत/एडीजे अभय प्रताप सिंह और जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव प्रदीप्ति सिंह समेत अन्य अधिकारी मौजूद रहे। कार्यक्रम में विभिन्न बैंकों के प्रबंधक और बैंक ऑफ बड़ौदा के जिला अग्रणी प्रबंधक भी शामिल हुए।

जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की ओर से लोगों से अपील की गई है कि वे अपने लंबित मामलों को चिन्हित कर 9 मई को स्वयं या अपने अधिवक्ता के साथ लोक अदालत में उपस्थित होकर उनका निस्तारण कराएं।

## नैनी डांडी बाजार में शोक सभा आयोजित

**नैनी।** नैनी क्षेत्र के डांडी बाजार में हिंदी विद्यापीठ कार्यकारिणी समिति के संयुक्त मंत्री भागवत प्रकाश कुशवाहा के नेतृत्व में एक शोक सभा का आयोजन किया गया। शोकसभा में पूर्व मंत्री एवं पूर्व सांसद प्रोफेसर डॉक्टर रीता बहुगुणा जोशी के पति स्वर्गीय पूरण चंद जोशी के निधन पर गहरा शोक व्यक्त किया गया। शोक सभा के दौरान भगवत कुशवाहा ने बताया, कि स्वर्गीय पूरण चंद जोशी स्पष्ट वक्ता एवं गरीबों के मददगार रहे। इस अवसर पर संत प्रसाद पांडे, विभव नाथ भारतीय, मणि शंकर द्विवेदी, अंबिका पांडे, विनय सिंह, भास्कर सिंह, अभिनीत कुशवाहा, विमलेश कुमार आदि उपस्थित रहे।

## पत्नी ने पति पर मारने पीटने का आरोप लगाते हुए दर्ज कराई मुकदमा

**मऊआइमा।** मऊआइमा इलाके की एक महिला ने अपने पति पर शराब पीकर लाठियों से मारने पीटने का आरोप लगाते हुए पति के खिलाफ दर्ज करा दी है। मऊआइमा थाना क्षेत्र के ग्राम कंचनपुर (छाता)निवासनीय शालू सिंह का आरोप है कि पति उसे प्रायः लाठी डंडो से मारा पीटा करता है।शालू सिंह का आरोप है कि रविवार देर रात पति शराब के नशे धुत होकर आया और लाठियों से पीट कर लहुलुहान कर दिया। शालू सिंह ने पति वीरेंद्र प्रताप सिंह के खिलाफ मुकदमा दर्ज करा दी है।पुलिस मुकदमा दर्ज कर महिला की तलाश कर रही है।

## प्रयागराज में 90 किसानों को फसल बीमा की क्षतिपूर्ति, विधायक ने बांटे डेमो चेक

**अखंड भारत संदेश**




**प्रयागराज।** प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना और पुनर्गठित मौसम आधारित फसल बीमा योजना के तहत खरीफ 2025 व रबी 2025-26 में हुई फसल क्षति की भरपाई के लिए सोमवार को विकास भवन स्थित गंगा सभागार में कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसमें 90 किसानों को कुल 4,12,569 रुपये की क्षतिपूर्ति के डेमो चेक वितरित किए गए। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में विधायक राजमणि कोल मौजूद रहे। उन्होंने किसानों को संबोधित करते हुए कहा कि सरकार किसानों की आय सुरक्षा के लिए प्रतिबद्ध है और फसल बीमा योजनाएं इस दिशा में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही हैं।इस अवसर पर उप कृषि निदेशक, जिला विकास अधिकारी (नाबार्ड) अनिल शर्मा, सांख्यिकी अधिकारी हिना, फसल बीमा कंपनी यूनिवर्सल सोम्पो के जिला प्रबंधक मनीष कुमार पांडेय सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम में अजय कुमार पांडेय, अमित कुमार सिंह समेत बड़ी संख्या में लाभार्थी किसान भी शामिल हुए। अधिकारियों ने बताया कि योजनाओं के माध्यम से किसानों को प्राकृतिक आपदाओं से होने वाले नुकसान की भरपाई दी जा रही है, जिससे उन्हें आर्थिक संबल मिल सके।

# प्रयागराज में एफपीओ योजना की समीक्षा, तीन संगठनों को मिली मंजूरी

अखंड भारत संदेश



**प्रयागराज।** कृषक उत्पादक संगठन (एफपीओ) नीति के क्रियान्वयन की समीक्षा के लिए जनपद स्तरीय मॉनिटरिंग समिति की बैठक सोमवार को कलेक्ट्रेट स्थित संगम सभागार में आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता मुख्य विकास अधिकारी हर्षिका सिंह ने की।

बैठक में उप कृषि निदेशक पवन कुमार विश्वकर्मा, जिला विकास अधिकारी, नाबार्ड, डीसी एनआरएलएम, मत्स्य अधिकारी समेत जिले में गठित एफपीओ से जुड़े प्रतिनिधि और किसान मौजूद रहे। इस दौरान केंद्र सरकार की 10,000 एफपीओ गठन एवं प्रोत्साहन योजना के अंतर्गत चयनित सीबीबीओ (क्लस्टर बेस्ड बिजनेस ऑर्गनाइजेशन) के कार्यों की प्रगति की समीक्षा की गई।

जनपद में विभिन्न संस्थाओं को एफपीओ गठन की जिम्मेदारी सौंपी गई है। इनमें इंटरनेशनल सोशल वर्कर्स एसोसिएशन को तीन, लाखोटिया कंप्यूटर आईटी एंड इंफॉर्मेशन वेलफेयर सोसाइटी को पांच, नीर हॉर्टिकल्चर सोल्यूशन्स प्राइवेट लिमिटेड को छह, विरेंशियाटेक प्राइवेट लिमिटेड को तीन और भारती विकास संस्थान को पांच एफपीओ आवंटित किए गए हैं। कुल मिलाकर जिले में 22 एफपीओ प्रस्तावित हैं।

बैठक में सीबीबीओ द्वारा प्रस्तुत प्रेजेंटेशन का अवलोकन करने के बाद समिति ने विरेंशियाटेक के तीन एफपीओ को मंजूरी प्रदान कर दी। वहीं अन्य संस्थाओं को निर्देशित किया गया कि वे अगली बैठक में पूरी तैयारी के साथ अपने प्रस्ताव प्रस्तुत करें।

## पूर्व सांसद प्रोफेसर रीता बहुगुणा जोशी के पति का निधन, पीजीआई लखनऊ में ली अंतिम सांस

**प्रयागराज।** प्रयागराज की पूर्व सांसद और पूर्व मेयर डॉक्टर रीता बहुगुणा जोशी के पति पीसी जोशी का सोमवार को निधन हो गया। वह काफी दिनों बीमार चल रहे थे। पीजीआई लखनऊ में उन्होंने अंतिम सांस ली। उनकी अंत्येष्टि मंगलवार को सुबह प्रयागराज में होगी। उनके निधन की खबर से जिले में शोक की लहर दौड़ गई। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सीपी जोशी के निधन पर शोक जताया है। भाजपा की पूर्व सांसद और यूपी की पूर्व कैबिनेट मंत्री रीता बहुगुणा जोशी के पति पीसी जोशी का सोमवार सुबह लखनऊ के एसजीपीजीआई में निधन हो गया। इसकी जानकारी खुद रीता बहुगुणा जोशी ने अपने एक्स अकाउंट पर दी। उन्होंने लगभग सुबह 7 बजे अंतिम सांस ली। निधन का समाचार मिलते ही परिजनों के साथ ही पार्टी और उनके समर्थकों में भी शोक की लहर दौड़ गई। रीता बहुगुणा जोशी ने भी फेसबुक पर पोस्ट कर लिखा-बड़े दुख के साथ आप सभी को सूचित किया जाता है कि मेरे पति पी.सी. जोशी का आज दिनांक चार मई को प्रातः सात बजे एसजीपीजीआई, लखनऊ में आकस्मिक निधन हो गया है। शाम चार बजे हम प्रयागराज पहुचेंगे। अंत्येष्टि कल सुबह प्रयागराज में होगी।

# पश्चिम बंगाल असम और पुडुचेरी में भाजपा की प्रचंड जीत मोदी की है गारंटी : योगेश शुक्ल

वरिष्ठ भाजपा नेता ने पार्टी की ऐतिहासिक जीत पर व्यक्त की प्रसन्नता,देश पीएम मोदी गृहमंत्री अमित शाह का जताया आभार

अखंड भारत संदेश

**मेजा।** भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता योगेश शुक्ल ने पश्चिम बंगाल, असम और पुडुचेरी में भारतीय जनता पार्टी के शानदार जीत पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि देश की जनता मोदी जी की गारंटी पर भरोसा करती है, चार मई को तीनों राज्यों में भाजपा की प्रचंड जीत ने स्पष्ट कर दिया कि देश की राजनीति में मोदी ही जनता की विकास की गारंटी हैं।

श्री शुक्ल ने कहा कि बंगाल असम और पुडुचेरी में जीत मोदी और अमित शाह के विकास की गारंटी है और 2047 विकसित भारत के संकल्प को साकार करने के इन तीन राज्यों की जनता ने भी भरोसा जताया है। उन्होंने कहा कि देश को विकसित बनाने के लिए प्रत्येक नागरिक सहित पार्टी के कार्यकताओं की मेहनत अब विकसित भारत के सपने को साकार करने की दिशा में अग्रसर होता दिख रहा है। भारतीय जनता पार्टी का प्रत्येक कार्यकर्ता पार्टी के लिए समर्पित और मेहनत करने वाला

कार्यकर्ता होता है जिसका नतीजा हर चुनाव में पार्टी को मिल रहा है। भाजपा नेता योगेश शुक्ल ने पार्टी के शीर्ष नेतृत्व सहित प्रत्येक कार्यकर्ताओ को जीत बधाई देते हुए अति प्रसन्नता जाहिर किया है।



बंगाल चुनाव में भाजपा की जीत पर प्रसन्नता जाहिर करते वरिष्ठ नेता योगेश शुक्ल

# आईजी डिफेंस नॉर्थ टेक सिम्पोजियम 2026 में इंटीग्रेटेड स्ट्राइक और ऑटोनोमस सिस्टम को प्रदर्शित करेगा

अखंड भारत संदेश

**प्रयागराज ।** आईजी डिफेंस 4 मई से होने वाले नॉर्थ टेक सिम्पोजियम 2026 में अपने एडवांस्ड स्वदेशी सिस्टम काल और ज्वाला को प्रदर्शित करने के लिए तैयार है। इसके साथ ही कंपनी अपने समस्त पोर्टफोलियो को भी पेश करेगी। इस पोर्टफोलियो में मानवरहित हवाई सिस्टम, मानवरहित जमीनी वाहन, स्वार्म टेक्नोलॉजी, लॉजिस्टिक्स प्लेटफॉर्म और एंटी-ड्रोन समाधान शामिल हैं। उम्मीद है कि यह प्रस्तुति कंपनी के बढ़ते काम की एक झलक देगी, खासकर सटीक हमलों, ऑटोनोमस (स्वायत्त) सिस्टम और काउंटर-यूएएस तकनीक में कंपनी की क्षमता का एक व्यापक प्रदर्शन होगा। यह भारत के रक्षा क्षेत्र में आत्मनिर्भर बनने के प्रयासों को भी दशार्ता है।

नॉर्थ टेक सिम्पोजियम 2026 भारत में नई सैन्य तकनीकों को प्रदर्शित करने के लिए एक महत्वपूर्ण मंच बनता जा रहा है। यह सशस्त्र बलों, रक्षा ढरव२, प्राइवेट कंपनियों और इनोवेशन इकोसिस्टम के लोगों को एक साथ लाता है। यह आयोजन ऐसे समय में हो रहा है, जब हाल के वैश्विक संघर्षों ने किफायती, स्केलेबल और मजबूत रक्षा प्रणालियों की जरूरतों को दशार्या है। उदाहरण के लिए रूस-यूक्रेन युद्ध में लंबी दूरी के ड्रोन और लोइटरिंग हथियारों तथा काउंटर-ड्रोन तकनीकों के बढ़ते उपयोग ने इन बदलती आवश्यकताओं के महत्व को दशार्या है।

काल आईजी डिफेंस का लंबी दूरी तक मार करने वाला स्ट्राइक ड्रोन है। इसे ज्यादा दूरी के हमले वाले मिशनों के लिए बनाया गया है। इसकी मारक क्षमता 1,000 ॅ तक है और यह 3 से 6 घंटे तक उड़ान भर सकता है।यह जीएनएसएस-आधारित नेविगेशन का इस्तेमाल करता है, तय रास्तों पर अपने आप उड़ सकता है, और इसमें लक्ष्य को साधने के लिए कैमरे लगे हैं। इसकी मदद से यह मुश्किल या जोखिम भरी स्थितियों में भी महत्वपूर्ण लक्ष्यों पर सटीक वार कर पाता है।वहीं ज्वाला एक कम दूरी का रैपिड रिस्पांस मिसाइल सिस्टम है। इसे लक्ष्यों को तेज गति से और सटीकता से भेदने के लिए बनाया गया है। सटीकता को बेहतर बनाने के लिए यह जड़त्वीय (इनरसियल) नेविगेशन के साथ-साथ टर्मिनल प्रिसिजन मार्गदर्शन का उपयोग करता है। इसका लचीला लॉन्च सिस्टम इसे अलग-अलग तरह के इलाकों में आसानी से इस्तेमाल करने की सुविधा देता है।

इन फ्लैगशिप प्लेटफॉर्म के साथ-साथ आईजी डिफेंस एफपीवी स्ट्राइकर का भी प्रदर्शन करेगा। यह एक कम लागत वाला टैक्टिकल प्रिसिजन स्ट्राइक सिस्टम है जिसे 'ऑपरेशन सिंदूर' के दौरान तैनात किया गया था। इसके बाद गाजा लॉजिस्टिक ड्रोन को पेश किया जाएगा। इसकी क्षमता 100-200 किलोग्राम है और इसे दूरदराज व ऊँचे पहाड़ी इलाकों में भारी सामान पहुँचाने के मिशन के लिए डिजाइन किया गया है। कंपनी इसके अलावा यूजीवी नंदी को भी पेश करेगी, जो जमीनी लॉजिस्टिक्स और निगरानी के काम में मदद करता है। कंपनी अपनी समग्र क्षमताओं को बेहतर बनाने के लिए अपने एंटी-ड्रोन समाधान भी प्रदर्शित करेगी। ये सिस्टम इलेक्ट्रॉनिक वॉरफेयर, रेडियो सिग्नल डिटेक्शन और अन्य जवाबी तरीकों का इस्तेमाल करके दुश्मन के ड्रोनों का पता लगा सकते हैं, उन्हें ट्रैक कर सकते हैं और रोक सकते हैं। इन्हें आधुनिक युद्धक्षेत्रों में ड्रोन हमलों के बढ़ते खतरे से निपटने के लिए डिजाइन किया गया है। बदलती हुई परिचालन आवश्यकताओं के अनुरूप स्वदेशी क्षमताओं के निर्माण की आवश्यकता पर आईजी डिफेंस के फाउंडर और सीईओ श्री बोधिसत्व संघप्रिय ने कहा, ह्लआज ऐसी रक्षा क्षमता बनाने की जरूरत तेजी से बढ़ रही है जो आज की वास्तविक जरूरतों के अनुरूप हों और भारत में ही विकसित की गई हों। रक्षा क्षेत्र में आत्मनिर्भर होने का मतलब सिर्फ. आयात कम करना ही नहीं है, बल्कि ऐसी प्रणालियाँ तैयार करना भी है जो बेहतर हो सकें, परिस्थितियों के अनुसार ढल सकें और लंबे समय तक चल सकें।

प्रोजेक्ट काल और ज्वाला और अन्य ऑटोनोमस तथा एंटी-ड्रोन सिस्टम के जरिए हमारा लक्ष्य ऐसे समाधान विकसित करना है जो युद्ध के मैदान की वास्तविक जरूरतों को पूरा करने के साथ-साथ भारत के स्थानीय रक्षा इकोसिस्टम को भी मजबूत बनाएं।ह्व

आईजी डिफेंस के फ & ऊ के सीनियर वाईस प्रेसिडेंट रिटायर्ड मेजर जनरल आर सी पाढ़ी ने बताया, ह्लवर्तमान समय में युद्ध का माहौल अब इस बात पर तय करता है कि देश के पास ऐसे कौन से डिफेंस सिस्टम है जो तेजी से उपयोग में लाए जा सकते हैं और जिनका वार सटीक हो सकता है। वैश्विक स्तर पर हम एक ऐसे बदलाव को देख रहे हैं, जिसमें हमला, निगरानी, स्वार्म इंटेलिजेंस और काउंटर ड्रोन उपायों जैसी एकीकृत क्षमताओं का उपयोग हो रहा है। हमारा प्रयास एक ऐसा डिफेंस सिस्टम बनाना है जो युद्धक्षेत्र में हमारी परिचालन क्षमता को और ज्यादा प्रभावी बना सकें।

इस प्रदर्शन से पता चलता है कि आईजी डिफेंस मानवरहित सिस्टम, फास्ट अटैक प्लेटफॉर्म और एंटी-ड्रोन टेक्नोलॉजी जैसे अहम क्षेत्रों में अपना विस्तार कर रहा है। जैसे-जैसे भारत स्थानीय नवाचार (लोकल इनोवेशन) और स्केलेबल डिफेंस सॉल्यूशंस पर ज्यादा ध्यान दे रहा है, काल और ज्वाला जैसे सिस्टम कंपनी की अन्य टेक्नोलॉजी के साथ मिलकर ज्यादा लचीला, कनेक्टेड और फ्यूचर रेडी क्षमताओं की ओर बढ़ते कदम को दशार्ते हैं।

नॉर्थ टेक सिम्पोजियम 2026 एक महत्वपूर्ण मंच बनने जा रहा है, क्योंकि यहां कई रक्षा विशेषज्ञ और संगठन एक साथ आएंगे। आईजी डिफेंस की इस कार्यक्रम में भागीदारी यह दशार्ती है कि भारतीय प्राइवेट कंपनियाँ आधुनिक युद्ध प्रणालियों के विकास और देश की रक्षा तैयारी को बेहतर बनाने में एक बड़ी भूमिका निभा रही हैं।

# पुरानी रंजिश में मारपीट दो युवक गंभीर

राजापुर बंगलिया पहाड़ी पर घटना, शहर रेफर किए गए घायल





**मांडा।** इलाकाई थाना क्षेत्र के राजापुर बंगलिया पहाड़ी पर पुरानी रंजिश को लेकर हुई मारपीट में दो युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। परिजनों ने उन्हें आनन-फानन में मांडा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) पहुंचाया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद दोनों को शहर के अस्पताल रेफर कर दिया गया।यह घटना सोमवार सुबह लगभग नौ बजे हुई। ग्राम पंचायत भौसरानरोत्तम के फचकरा गांव निवासी अरविंद कुमार बिंद (36), जो एक समाज सेवी हैं, और मुकेश कुमार बिंद (33) किसी काम से राजापुर बंगलिया पहाड़ी गए थे। वहां गांव के ही लोगों ने पुरानी रंजिश के चलते उन पर हमला कर दिया।

सूचना मिलने पर मांडा पुलिस तत्काल मौके पर पहुंची और आरोपी को हिरासत में लेकर मांडा थाने ले आई। वहीं, घायल युवकों को मांडा सीएचसी ले जाया गया, जहां उनकी गंभीर हालत को देखते हुए डॉक्टरों ने उन्हें बेहतर इलाज के लिए शहर के अस्पताल रेफर कर दिया।

समाचार लिखे जाने तक पीड़ितों की ओर से कोई तहरीर नहीं दी गई थी। मांडा इंस्पेक्टर अनिल कुमार वर्मा ने बताया कि तहरीर मिलने पर त्वरित अग्रिम कार्रवाई की जाएगी।

समाज सेवी अरविंद कुमार बिंद की गंभीर हालत की खबर सुनकर क्षेत्रीय भाजपा कार्यकताओं के साथ भाजपा मांडा मंडल अध्यक्ष लीलावती गुप्ता, अशोक दुबे और विपिन पाण्डेय मांडा सीएचसी पहुंचे। उन्होंने घायलों की स्थिति देखकर चिंता व्यक्त की।

## पश्चिम बंगाल व आसाम में भाजपा की प्रचंड जीत पर बाबूगंज बाजार में मनाया गया विजय उत्सव



**सहसों।** पश्चिम बंगाल एवं आसाम में भारतीय जनता पार्टी की प्रचंड जीत के उपलक्ष्य में बाबूगंज बाजार में भाजपा कार्यकर्ताओं की एक बैठक आयोजित की गई। बैठक का नेतृत्व भाजपा गंगापार के महामंत्री अनिरुद्ध सिंह पटेल ने किया। बैठक में पार्टी पदाधिकारियों, कार्यकर्ताओं एवं क्षेत्रीय नागरिकों की बड़ी संख्या में उपस्थिति रही। इस अवसर पर कार्यकर्ताओं ने हर्षोल्लास के साथ विजय उत्सव मनाया। एक-दूसरे को झालमूड़ी एवं लड्डू खिलाकर बधाई दी गई और जीत की खुशी साझा की गई। बैठक को संबोधित करते हुए अनिरुद्ध सिंह पटेल ने इस प्रचंड जीत का श्रेय केंद्रीय नेतृत्व एवं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को दिया। उन्होंने गंगापार के समस्त कार्यकर्ताओं की ओर से बधाई प्रेषित करते हुए कहा कि यह जीत देश की आम जनता, विकास और सरकार द्वारा चलाई जा रही जनकल्याणकारी योजनाओं की जीत है। इस दौरान डॉ. राकेश केसरवानी, रविंद्र मिश्रा शास्त्री, पप्पू मिश्रा, संदीप दुबे, रमाकांत मिश्र, अशोक चौधरी, पुष्कर पटेल, राजकुमार मोदनवाल, नीरज जायसवाल एवं बाबा जायसवाल सहित अनेक कार्यकर्ता उपस्थित रहे और एक-दूसरे का मुंह मीठा कर खुशी का इजहार किया।

## रोजगारपरक पाठ्यक्रमों पर मंथन शुरू, बाजार की मांग के अनुरूप डिजाइन पर जोर

**प्रयागराज।** उ.प्र. राजर्षि टंडन मुक्त विश्वविद्यालय में स्नातक स्तर पर रोजगारपरकता बढ़ाने के उद्देश्य से तीन दिवसीय कार्यशाला सोमवार से शुरू हुई। यह कार्यशाला विश्वविद्यालय और राष्ट्रमंडल शैक्षिक मीडिया केंद्र एशिया, नई दिल्ली के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित की जा रही है।उद्घाटन सत्र की अध्यक्षता करते हुए कुलपति प्रो. सत्यकाम ने कहा कि वर्तमान समय में रोजगारपरक शिक्षा की आवश्यकता तेजी से बढ़ी है। ऐसे पाठ्यक्रम विकसित किए जाने चाहिए, जो सीधे रोजगार से जुड़े हों और युवाओं को आत्मनिर्भर बनाने में सहायक हों। उन्होंने बताया कि विश्वविद्यालय द्वारा म्यूजियोलॉजी, पुस्तकालय विज्ञान और शिक्षा जैसे विषयों में नए पाठ्यक्रम शुरू किए गए हैं। साथ ही एमबीए जैसे पाठ्यक्रमों को भी बदलती बाजार जरूरतों के अनुसार पुनः डिजाइन करने की आवश्यकता पर बल दिया।राष्ट्रमंडल शैक्षिक मीडिया केंद्र एशिया (नई दिल्ली) के निदेशक डॉ. बी. शादराच ने ऑनलाइन संबोधन में लॉजिस्टिक्स और सप्लाई चेन मैनेजमेंट के महत्व को रेखांकित किया। उन्होंने कहा कि रोजगार सृजन में इन क्षेत्रों की बड़ी भूमिका है और शिक्षा प्रणाली को इसके अनुरूप ढालना जरूरी है। साथ ही ह्यएक जिला एक उत्पादह्न जैसी योजनाओं को रोजगार बढ़ाने में प्रभावी बताया। कॉमनवेल्थ ऑफ लर्निंग सेमका प्रोजेक्ट के सलाहकार डॉ. प्रदीप के चौधरी ने कहा कि केवल ज्ञान और कौशल पर्याप्त नहीं हैं, बल्कि उन्हें रोजगार से जोड़ना भी आवश्यक है। उन्होंने स्किलिंग, री-स्किलिंग और अप-स्किलिंग की अवधारणाओं को विस्तार से समझाते हुए रोजगारोन्मुखी पाठ्यक्रमों के विकास की प्रक्रिया पर प्रकाश डाला। विश्वविद्यालय के जनसंपर्क अधिकारी डॉ. प्रभात चंद्र मिश्र ने बताया कि कार्यशाला में विभिन्न संकायों के शिक्षक भाग ले रहे हैं। तीन दिनों तक पाठ्यक्रमों को रोजगारोन्मुख बनाने के विभिन्न पहलुओं पर चर्चा की जाएगी। कार्यशाला का समापन 6 मई को होगा। कार्यक्रम में अतिथियों का स्वागत संयोजक डॉ. त्रिविक्रम तिवारी ने किया, जबकि संचालन डॉ. गौरव संकल्प ने किया। अंत में धन्यवाद ज्ञापन प्रो. आनंदानंद त्रिपाठी ने प्रस्तुत किया।

# पश्चिम बंगाल में भाजपा की प्रचंड जीत पर नैनी में जश्न

कार्यकताओं ने ढोल नगाड़ों के बीच जताई खुशी, मिठाई खिलाकर दी बधाई

**नैनी।** नैनी पश्चिम बंगाल में हुए 293 सीटों पर चुनाव के बाद जीत का जश्न नैनी क्षेत्र के चक रघुनाथ में भारतीय जनता पार्टी के कार्यकताओं ने जुलूस निकालकर बाजे गाजे के साथ जश्न मनाया। सीएम योगी और पीएम मोदी की तस्वीरें के साथ घूमते रहे और एक दूसरे को मिठाई खिलाकर खुशी का इजहार किया। भारतीय जनता पार्टी के वार्ड 20 चक रघुनाथ के पार्षद राकेश जायसवाल के नेतृत्व में पश्चिम बंगाल विधानसभा में हुई भारतीय जनता पा्टी की प्रचंड जीत पर कार्यकताओं ने शोभा यात्रा निकालकर स्टेशन रोड से मेवा लाल बगिया तक पहुंचे। शोभा यात्रा भाजपा कार्यकताओं ने जय श्री राम के नारे लगाए। मेवालाल बगिया पर जाकर नरेंद्र मोदी जिंदाबाद योगी आदित्यनाथ की तस्वीर को लेकर जिंदाबाद जय श्री राम के नारों के साथ सभी भाजपा कार्यकताओं ने मिठाई खिलाकर ढोल नगाड़ों के साथ जीत का जश्न मनाया। पार्षद राकेश जायसवाल ने कहा कि पश्चिम बंगाल में भाजपा की प्रचंड जीत ऐतिहासिक जीत है।



कार्यकताओं ने विश्वास जताते हुए पूर्ण बहुमत की सरकार बनाने में जो योगदान दिया है। उसके लिए बधाई और शुभकामनाएं देता हूं। इस शोभा यात्रा में मुख्य रूप से पार्षद एवं व्यापार मंडल अध्यक्ष राकेश जायसवाल, रजत दुरबे, बबलू तिवारी, लक्ष्मीकांत तिवारी, घनश्याम जायसवाल, राजन शुक्ला, राजेश शर्मा, मुन्ना शर्मा, श्याम धर मिश्रा, धर्मराज पटेल, बृजेश सिंह, भुवर जायसवाल, राजीव वर्मा, मोनू जायसवाल, मनीष कुशवाहा, प्रिंस अकबर, आलोक सिंह, आनंद तिवारी आदि लोग उपस्थित रहे।

# दुर्गावती इंटरनेशनल स्कूल में आयोजित हुआ गरिमामई प्रेरणादायक कार्यक्रम

सहायक जिला विद्यालय निरीक्षक जितेंद्र प्रताप सिंह और उनकी पत्नी श्रीमती स्वाती सिंह ने कार्यक्रम में किया शिरकत विद्यालय की किया प्रशंसा स्कूल प्रबंधतंत्र ने अतिथियों का जताया आभार

अखंड भारत संदेश

**मेजा।** दुर्गावती इंटरनेशनल स्कूल एंड कॉलेज मेजा में एक अत्यंत गरिमामय प्रेरणादायक कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में जितेन्द्र प्रताप सिंह सहायक जिला विद्यालय निरीक्षक प्रयागराज अपनी धर्मपत्नी श्रीमती स्वाति सिंह के साथ पधारे। इस दौरान विद्यालय परिवार द्वारा उनका भव्य स्वागत एवं अभिनंदन किया गया। कार्यक्रम का

शुभारंभ दीप प्रज्ज्वलन के साथ हुआ, जो ज्ञान, प्रकाश और उन्नति का प्रतीक है। इसके पश्चात विद्यालय के छात्र छात्राओं ने स्वागत गीत एवं आकर्षक सराहनीय नृत्य प्रस्तुत कर सभी अतिथियों का हृदय से अभिनंदन किया। कार्यक्रम के दौरान



दुर्गावती स्कूल में प्रेरणादायक कार्यक्रम का फीता काटकर शुभारंभ करते सहायक जिला विद्यालय निरीक्षक

सहायक जिला विद्यालय निरीक्षक महोदय ने विद्यालय की मैनेजर के नवनिर्मित कार्यालय का विधिवत उद्घाटन किया। तत्पश्चात उन्होंने विद्यालय की विभिन्न कक्षाओं, विज्ञान प्रयोगशालाओं एवं अन्य शैक्षणिक संसाधनों का निरीक्षण किया और व्यवस्थाओं की सराहना की। कॉउन्सिल फॉर दी इंडियन स्कूल सर्टिफिकेट एग्जामिनेशन द्वारा घोषित परीक्षा परिणाम में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को मंच पर सम्मानित किया गया। विद्यार्थियों को प्रशस्ति पत्र एवं पुरस्कार प्रदान कर उनका उत्साहवर्धन किया गया। इस अवसर पर सहायक जिला विद्यालय निरीक्षक ने विद्यालय की शैक्षणिक उत्कृष्टता, अनुशासन एवं समर्पण को देखते हुए विद्यालय को सर्वश्रेष्ठ विद्यालय की उपाधि एवं सम्मान प्रदान किया जो समस्त विद्यालय परिवार के लिए अत्यंत गौरव का विषय रहा।

कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में प्रो. जय सिंह इलाहबाद विश्वविद्यालय के मनोविज्ञान विभाग से भी पहुंचे उन्होंने शिक्षकों के लिए एक प्रभाव शाली प्रशिक्षण सत्र आयोजित किया, जिसमें आधुनिक शिक्षण विधियों एवं विद्यार्थियों के मनोविज्ञान पर महत्वपूर्ण जानकारी प्रदान की। कार्यक्रम में विद्यालय की मैनेजर डॉ. स्वतंत्र मिश्रा, डायरेक्टर बलराम पांडेय, ट्रेजरार राम पांडेय, प्रधानाचार्य संतोष मालवीय उप प्रधानाचार्य सृजन मिश्रा सहित समस्त शिक्षकगण एवं विद्यार्थी उपस्थित रहे। अंत में सभी अतिथियों के प्रति आभार व्यक्त किया गया तथा राष्ट्रगान के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ। यह आयोजन विद्यालय के लिए अत्यंत गर्व का क्षण रहा तथा सभी के लिए प्रेरणादायक सिद्ध हुआ।

# तीन राज्यों की जीत पर शंकरगढ़ में भाजपा कार्यकताओं का जोरदार जश्न, रामभवन चौराहे पर गूंजे पटाखों के धमाके

अखंड भारत संदेश

**शंकरगढ़।** तीन राज्यों में मिली प्रचंड जीत के बाद भाजपा कार्यकताओं में उत्साह का माहौल देखने को मिला। इसी क्रम में शंकरगढ़ के रामभवन चौराहे पर पार्टी कार्यकताओं ने भव्य जश्न मनाया।

जश्न के दौरान कार्यकताओं ने जमकर पटाखे फोड़े और एक-दूसरे को मिठाई खिलाकर खुशी का इजहार किया। पूरे क्षेत्र में भारत माता की जय और भाजपा जिंदाबाद के नारों से माहौल गूंज उठा।भाजपा जिला कोषाध्यक्ष अनूप केसरवानी ने कहा कि तीन राज्यों में मिली यह ऐतिहासिक जीत प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व, केंद्र सरकार की जनकल्याणकारी नीतियों और जनता के अटूट विश्वास का परिणाम है। देश की जनता विकास,




सुशासन और राष्ट्रहित की राजनीति के साथ खड़ी है। आने वाले समय में भाजपा और भी मजबूती के साथ देश को आगे बढ़ाने का कार्य करेगी।

इस मौके पर भाजपा जिला कोषाध्यक्ष अनूप केसरवानी, मंडल अध्यक्ष अखिलेश सिंह, किसान नेता दीपक तिवारी, पूर्व सभासद सुजीत केसरवानी, शारदा तिवारी, नितेश केसरवानी, राजकुमार तिवारी, धीरज वैश्य एवं कमलेश सभासद सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# बंगाल जीत पर भाजपाइयों ने बांटी झालमुड़ी, की आतिशबाजी

अखंड भारत संदेश



**प्रतापगढ़।** भारतीय जनता पार्टी अंतू मंडल के तत्वाधान में मंडल अध्यक्ष राजाराम वैश्य के नेतृत्व में नगर पंचायत गड़वारा बाजार तिराहे पर पश्चिम बंगाल में मिली प्रचंड जीत की खुशी बड़े ही धूमधाम और उत्साह के साथ मनाई गई इस दौरान कार्यकर्ताओं ने भव्य आतिशबाजी कर जीत का जश्न मनाया और उपस्थित लोगों के बीच पारंपरिक बंगाली व्यंजन झालमुड़ी वितरित कर खुशियां साझा की मंडल अध्यक्ष राजाराम वैश्य ने इस अवसर पर कहा कि यह जीत प्रधानमंत्री के नेतृत्व में जनकल्याणकारी नीतियों और विकास कार्यों पर जनता की मुहर है। उन्होंने सभी कार्यकर्ताओं को बधाई देते हुए संगठन को और अधिक मजबूत करने का आह्वान किया। युवा मोर्चा अध्यक्ष निहाल सिंह ने कहा कि यह विजय युवाओं के विश्वास और संगठन की मेहनत का परिणाम है। उन्होंने कहा कि आने वाले समय में भाजपा और भी मजबूती के साथ जनता के बीच कार्य करेगी। जिला कोषाध्यक्ष शिव विलास ने कहा कि यह जीत देश के विकास और सुशासन की नीतियों पर जनता की स्वीकृति है। उन्होंने सभी कार्यकर्ताओं को बधाई देते हुए इसे ऐतिहासिक क्षण बताया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से जिला कोषाध्यक्ष शिव विलास, युवा मोर्चा अध्यक्ष निहाल सिंह, मण्डल महामंत्री घनश्याम सिंह, आईटी संयोजक अभिषेक मिश्रा, मण्डल उपाध्यक्ष अजय सरोज, राहुल वैश्य, राजेश पाण्डेय, सभासद विवेक त्रिपाठी, ओमप्रकाश जायसवाल, हरिशंकर मौर्य, गुड्डू विश्वकर्मा, बृजेश सिंह, नन्दलाल सरोज, मण्डल मंत्री सत्यप्रकाश मिश्र, अजय मिश्रा, रोशन लाल मिश्रा, अजय पांडेय, बूथ अध्यक्ष सुधीर मोदी, कृष्ण भगवान मिश्र, संजय सोनी, अखिलेश गौतम, राम बरन वर्मा, राम लाल वर्मा, उमेश जायसवाल, मण्डल उपाध्यक्ष गुंजन पटेल, मण्डल मंत्री नीलम गौतम, बूथ अध्यक्ष सुरेंद्र मौर्य समेत कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

# भाजपा के जीत पर आरती-पूजन के साथ हुआ प्रसाद वितरण



अखंड भारत संदेश

**प्रतापगढ़।** भाजपा के ऐतिहासिक विजय पर मान्धाता भाजपा मंडल अध्यक्ष विजय मौर्य के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने हनुमान मंदिर पर पूजन-अर्चन के साथ ही प्रसाद वितरण कर खुशी जाहिर किया। इस अवसर पर पूर्व मंडल अध्यक्ष अरुण शुक्ला, मंडल उपाध्यक्ष राजकुमार मौर्य, अनिल प्रताप सिंह, दीपक सरोज, महामंत्री निर्भय प्रताप सिंह, मंडल मंत्री जसवंत यादव, प्रभारी सभासद नारायण सरोज, हरिप्रकाश सिंह, जगदीश सिंह, राम अभिलाष शर्मा, हरिकांत तिवारी मौजूद रहे। युवा मोर्चा मंडल अध्यक्ष अनुज शिव अग्रहरि ने झालमुड़ी बनाकर उपस्थित कार्यकर्ताओं तथा जनता जनार्दन को वितरित किया। संयोजक राजकुमार सिंह, विवेक प्रजापति, नीरज मौर्य, प्रमोद पटेल, राहुल वैश्य, अरुणपांडे आदि कार्यकर्ताओं का भाजपा महामंत्री नितिन मिश्रा ने आभार व्यक्त किया।

## न्यूज झरोखा

### संदिग्ध परिस्थितियों मे किशोर की मौत



**कुंडा।** महेशगंज क्षेत्र के बला का पुरवा मजरे रायगढ़ गांव निवासी अनमोल पाण्डेय 17 वर्ष पुत्र स्व अमित पाण्डेय घर पर अपने बाबा राजेंद्र पाण्डेय के पास रहता था। सोमवार सुबह उसकी हालत खराब होने लगी तो स्वजन उसे बाघराय के एक निजी चिकित्सक के पास ले गए। हालत मे सुधार न होने पर उसे प्रयागराज स्वरूपरानी अस्पताल ले जाया गया। जहां उसकी मौत हो गई। मौत की खबर सुनते ही पूरे गांव में शोक और गम का माहौल है। मृतक का पिता पंजाब मे रहकर अपनी जीविका चलाता था। उसकी मौत लगभग दस वर्ष पहले हो गई थी। मृतक की माँ अंतिमा पाण्डेय अपनी बेटी के साथ मायके कुशहा गांव मे रहती है।

### कांग्रेस कार्यकर्ताओं की बैठक आज

**लालगंज।** स्थानीय नगर स्थित कैम्प कार्यालय पर कांग्रेस कार्यकर्ताओं की आज मंगलवार को पूर्वान्ह ग्यारह बजे संगठनात्मक बैठक होगी। यह जानकारी ब्लाक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष केडी मिश्र ने दी है।

### दबंग के हौसले बुलंद, शोशल मीडिया पर पोस्ट की गाली धमकी

**प्रतापगढ़।** मारपीट में शांतिभंग की आशंका में हुए चालान के बाद जमानत मिलते ही आरोपी का हौसला बुलंद हो गया और सोशल मीडिया पर गाली और धमकी पोस्ट कर दिया,जिससे लोगों में भय का माहौल बना है।मामले की शिकायत पुलिस से कर सुरक्षा की गुहार लगाई है। मिली जानकारी के अनुसार दिलीपपुर थाना क्षेत्र के गनईडीह गांव में दो पक्षों में हुआ विवाद मारपीट तक पहुंच गया। मामले में चोटहिल की ओर से पुलिस में शिकायत की गई और पुलिस ने आरोपी के विरुद्ध मुकदमा पंजीकृत कर जांच शुरू की। आरोप है कि मुकदमा पंजीकृत होने के बाद विपक्षी के पक्ष की ओर से पुनः दबंगों ने मारपीट पर आमादा हो गए।जानकारी पर पहुंची पुलिस ने दोनों पक्षों की ओर से शांतिभंग की आशंका में चालान कर दिया था।आरोपियों को एसडीएम रानीगंज कोर्ट से जमानत मिल गई। आरोप है कि जमानत पर रिहा होने के बाद एक पक्ष के शिवम पुत्र राजेश ने विकास यादव पुत्र राम जतन की फोटो शोशल मीडिया पर पोस्ट कर लिखा कि वह फिर आ गया है। पोस्ट पर गाली लिखते हुए विपक्षी से निपटने की धमकी भी दी है। बताया जाता है कि पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### फैमिली आईडी योजना के तहत 1.24 लाख से अधिक आवेदन स्वीकृत

**प्रतापगढ़।** जनपद प्रतापगढ़ में सरकार की महत्वाकांक्षी फैमिली आईडीरू एक परिवार, एक पहचान योजना के तहत कार्यों में तेजी लाई गई है। जिला अर्थ एवं संख्याधिकारी प्रियंका सोनी ने जानकारी देते हुए बताया कि प्रदेश में संचालित लाभार्थीपरक योजनाओं के प्रभावी प्रबंधन, पारदर्शिता और शत-प्रतिशत पात्र लाभार्थियों तक योजनाओं का लाभ पहुंचाने के उद्देश्य से यह योजना संचालित की जा रही है। उन्होंने बताया कि नियोजन विभाग उत्तर प्रदेश के शासनादेश के अनुसार प्रत्येक परिवार के सभी सदस्यों को शामिल करते हुए फैमिली आईडी कार्ड बनाया जाना अनिवार्य है। जनपद में अब तक कुल 1,24,467 ऑनलाइन आवेदन स्वीकृत किए जा चुके हैं और पात्र आवेदकों को फैमिली आईडी कार्ड जारी करने की प्रक्रिया तेजी से चल रही है। अधिकारियों के अनुसार, जिन आवेदनों में परिवार के सभी सदस्य शामिल नहीं हैं, उन्हें पूर्ण किए बिना कार्ड जारी नहीं किया जाएगा। विशेष रूप से एकल सदस्यीय फैमिली आईडी में छूटे हुए अन्य सदस्यों को जोड़ना आवश्यक होगा। इसके लिए फैमिली आईडी पोर्टल पर ह्लअपडेट फैमिली आईडीह्व का विकल्प उपलब्ध कराया गया है, जिसके माध्यम से परिवार के छूटे हुए सदस्यों को आसानी से जोड़ा जा सकता है।

### बदलते मौसम से बढ़ रही मरीजों की संख्या

**पट्टी।** बढ़ती गर्मी और मौसम में लगातार बदलाव के चलते बीमारियों का प्रकोप तेजी से बढ़ रहा है। इसका असर अब स्वास्थ्य सेवाओं पर भी साफ नजर आने लगा है। सोमवार को पट्टी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) में मरीजों की भारी भीड़ उमड़ी, जहां ओपीडी में करीब 400 मरीज इलाज के लिए पहुंचे। सीएचसी के चिकित्सक डॉ. अखिलेश जायसवाल ने बताया कि इन दिनों सर्दी, जुखाम, बुखार और डायरिया के मरीजों की संख्या तेजी से बढ़ रही है। उन्होंने बताया कि तेज गर्मी और उमस के कारण मच्छरों का प्रकोप भी बढ़ गया है, जिससे लोग बीमारियों की चपेट में आ रहे हैं। अस्पताल में सुबह से ही मरीजों की लंबी कतारें देखने को मिलीं। कई मरीजों को घंटों इंतजार करना पड़ा, जिससे अव्यवस्था की स्थिति भी बनी रही। ग्रामीण क्षेत्रों से आने वाले मरीजों की संख्या ज्यादा रही। डॉ. जायसवाल ने लोगों को सलाह दी कि गर्मी के मौसम में सावधानी बरतें, साफ पानी पिएं, बाहर निकलते समय सिर ढककर रखें और मच्छरों से बचाव के लिए मच्छरदानी व रिपेलेंट का इस्तेमाल करें। उन्होंने कहा कि लक्षण नजर आने पर तुरंत डॉक्टर से संपर्क करें, ताकि समय रहते इलाज हो सके।

### किशोरी को बहला-फुसलाकर भगा ले जाने पर रिपोर्ट दर्ज

**पट्टी।** दिलीपपुर थाना क्षेत्र में एक नाबालिग किशोरी को बहला-फुसलाकर भगा ले जाने का मामला सामने आया है। घटना से परिजनों में हड़कंप मचा हुआ है। पिता की तहरीर पर पुलिस ने नामजद युवक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार, करनपुर खूंझी गांव निवासी एक व्यक्ति की 16 वर्षीय बेटी शनिवार शाम करीब 5 बजे घर में मौजूद थी। इसी दौरान परिजन अपने-अपने काम में लगे हुए थे। करीब 6 बजे जब परिजनों ने किशोरी को घर में नहीं देखा तो उसकी खोजबीन शुरू की गई, लेकिन उसका कोई सुराग नहीं लग सका। परिजनों को जानकारी मिली कि किशोरी को थाना क्षेत्र के पिपरी खालसा गांव निवासी एक युवक के साथ शाम करीब 6रू30 बजे रखहा बाजार के पास देखा गया था। इसके बाद पिता ने थाने पहुंचकर मामले की तहरीर दी।पुलिस ने पिपरी खालसा गांव निवासी शिवशंकर के पुत्र राहुल के खिलाफ संबंधित धाराओं में एफआईआर दर्ज कर ली है। चैकी प्रभारी बेलखरनाथ देवेंद्र पाठक ने बताया कि किशोरी की तलाश के लिए मोबाइल सर्विलांस की मदद ली जा रही है और जल्द ही उसे बरामद कर लिया जाएगा।

### सरकारी रास्ते के विवाद में महिला के घर पर हमला, मारपीट का वीडियो वायरल

**कुंडा।** महेशगंज थाना क्षेत्र के माधी चैनगढ़ गांव में सरकारी रास्ते को लेकर शुरू हुआ विवाद रविवार को हिंसक झड़प में बदल गया। आरोप है कि गांव के कुछ लोगों ने रास्ते की इंटरलॉकिंग उखाड़कर अपने घर के सामने लगा ली, जिसका विरोध करने पर महिला और उसके परिवार के साथ मारपीट की गई। घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद इलाके में चर्चा का विषय बना हुआ है। पीड़िता मंजू सिंह के अनुसार उनके घर तक पहुंचने के लिए यही एकमात्र सरकारी रास्ता है, जिसका उपयोग परिवार लंबे समय से करता आ रहा है। आरोप है कि गांव के कुछ दबंगों ने रास्ते की ईंटें उखाड़कर कब्जा करने की कोशिश की, जिससे आने-जाने में परेशानी होने लगी। बताया गया कि रविवार को महिला के पति ई-रिक्शा लेकर घर जा रहे थे। इसी दौरान उन्होंने रास्ते से ईंट हटाने का कारण पूछा तो विवाद बढ़ गया। आरोप है कि दबंगों ने पहले गाली-गलौज की और बाद में शाम को लौटते समय ई-रिक्शा रोककर लाठी-डंडों से हमला करने और जान से मारने की धमकी दी। घटना के दौरान बनाया गया आंशिक वीडियो अब सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। महिला ने थाना महेशगंज में तहरीर देकर एफआईआर दर्जय कर कार्रवाई की मांग की है।

# रंगदारी और जानलेवा हमले का आरोपी अवैध तमंचे संग गिरफ्तार

**पट्टी।** रंगदारी और जानलेवा हमले के मामले में वांछित एक अभियुक्त को अवैध असलहे के साथ गिरफ्तार कर बड़ी सफलता हासिल की है। यह कार्रवाई पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में चलाए जा रहे अपराधियों के खिलाफ अभियान के तहत की गई। मामला थाना पट्टी क्षेत्र के ग्राम सलाहपुर का है, जहां 22 अप्रैल 2026 की रात वादी घर लौट रहा था। आरोप है कि रास्ते में आरोपी ने अपने साथी के साथ मिलकर उसे रोका, गाली-गलौज और मारपीट की, फिर तमंचा दिखाकर रुपये की मांग की। जान से मारने की धमकी से भयभीत होकर वादी अचेत हो गया था। इस मामले में थाना पट्टी में मुकदमा दर्ज किया गया था।पुलिस टीम ने मुखबिर की सूचना पर कार्रवाई करते हुए पठखौली रोड स्थित नहर पुलिया के पास से आरोपी मान सिंह (38) को गिरफ्तार कर लिया। तलाशी के दौरान उसके पास से 315 बोर का अवैध तमंचा और एक खोखा कारतूस बरामद हुआ। पूछ-ताछ में आरोपी ने कबूल किया कि वह शराब का आदी है और लोगों को डराकर पैसे वसूलता था। उसने यह भी बताया कि वह पहले भी वादी से पैसे ऐंठ चुका है और असलहा पानी की टंकी के पास छुपाकर रखता था, जिसे जरूरत पड़ने पर निकालकर वारदात को अंजाम देता था।बरामदगी के आधार पर आरोपी के खिलाफ आर्म्स एक्ट के तहत एक और मुकदमा दर्ज किया गया है। फिलहाल पुलिस द्वारा आगे की विधिक कार्रवाई जारी है।

# संदिग्ध दशा में वृद्ध की मौत, कोहराम

**प्रतापगढ़।** संदिग्ध दशा में वृद्ध की मौत को लेकर कोहराम मच गया। लालगंज कोतवाली के कटरा दुग्धा निवासी भाई लाल 65 को रविवार की देर शाम लालगंज ट्रामा सेण्टर में गंभीर स्थिति में लाया गया। यहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। वृद्ध की मौत की खबर घर पहुंची तब परिजनों में कोहराम मच गया। सूचना मिलने पर लालगंज पुलिस ने वृद्ध के शव को कब्जे मे लेकर सोमवार की सुबह पीएम के लिए जिला मुख्यालय भेजवाया गया है। दबीजुबान से लोगों में भाईलाल की मौत जहरीले पदार्थ के सेवन की आशंका में देखी सुनी गयी। प्रभारी निरीक्षक आलोक कुमार का कहना है कि शव पीएम के लिए भेजवाया गया है, मौत का कारण स्पष्ट होने के बाद कार्रवाई की जाएगी।

# लालगंज में अधिवक्ताओं के चुनाव को लेकर पारदर्शिता पर जोर

अखंड भारत संदेश



**लालगंज।** संयुक्त अधिवक्ता संघ के चुनाव को लेकर सोमवार को चुनाव समिति के द्वारा प्रत्याशियों की बैठक में सोलह बिंदुओं पर आदर्श आचार संहिता की घोषणा हुई। वहीं बैठक में समिति द्वारा प्रत्याशियो से दक्षता भाषण एवं मतदान प्रक्रिया को लेकर सुझाव भी लिए गए। बैठक में समिति के अध्यक्ष ज्ञानप्रकाश शुक्ल ने प्रत्याशियो को आश्वस्त किया कि मतदान एवं मतगणना प्रक्रिया को पारदर्शी बनाए जाने के लिए समिति हर आवश्यक बंदोबस्त सुनिश्चित करेगी। उन्होने प्रत्याशियो को बताया कि मतदान व मतगणना की पूरी प्रक्रिया की वीडियोग्राफी करायी जाएगी। उन्होने कहा कि बूथ को छोडकर मतदान कक्ष एवं बाहरी क्षेत्र में सीसी कैमरे की निगरानी भी रखी जाएगी। समिति के अध्यक्ष ने प्रत्याशियो को सोलह बिंदुओं पर आचार संहिता के बाबत जानकारी देते हुए इसके प्रभावी अनुपालन मे सहयोग मांगा। बैठक का संचालन महामंत्री वीरेन्द्र सिंह अगई ने किया। बैठक में अध्यक्ष पद के प्रत्याशी संदीप सिंह, विकास मिश्र, राजेश तिवारी व विजय कुमार तिवारी ने मतगणना एवं मतदान की पारदर्शिता को लेकर सुझाव रखे। वहीं अन्य पदो के उम्मीदवारो ने भी समिति के समक्ष अपने सुझाव प्रस्तुत किये। बैठक में एल्डर कमेटी के अध्यक्ष राजेन्द्र प्रसाद मिश्र ने भी प्रत्याशियो को आश्वस्त किया कि चुनावी प्रक्रिया की एल्डर कमेटी द्वारा निगरानी जारी रखी जाएगी। इस मौके पर समिति के पदाधिकारियों में शिवाकांत उपाध्याय, रामलगन यादव, बेनीलाल शुक्ल, संतोष पाण्डेय, शैलेन्द्र चतुर्वेदी मौजूद रहे।

# जमीनी विवाद में चले लाठी-डंडे, मारपीट में 9 घायल



**पट्टी।** कोतवाली क्षेत्र के सरसतपुर गांव में रविवार को जमीनी विवाद ने अचानक उग्र रूप ले लिया और देखते ही देखते मामला खूनी संघर्ष में बदल गया। दोनों पक्षों के बीच जमकर लाठी-डंडे चले, जिसमें कुल 9 लोग घायल हो गए। घायलों में एक 10 वर्षीय बालक और एक वृद्ध महिला भी शामिल हैं, जिससे घटना की गंभीरता और बढ़ गई है। वारदात के बाद पूरे गांव में दहशत और तनाव का माहौल व्याप्त है। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक, दोनों पक्षों के बीच जमीन को लेकर काफी समय से विवाद चल रहा था। रविवार को इसी विवाद को लेकर कहासुनी हुई, जो देखते ही देखते हिंसक झड़प में बदल गई। दोनों ओर से लोग लाठी-डंडों से एक-दूसरे पर टूट पड़े। अचानक हुए इस हमले से मौके पर अफरा-तफरी मच गई और चीख-पुकार सुनकर आसपास के लोग भी दहशत में आ गए। मार-पीट में एक पक्ष से सुनील कुमार (45), राम आश्रम (55), राजेश कुमार (50), अनुज कुमार (20) और अमन कुमार (19 ) घायल हुए हैं। वहीं दूसरे पक्ष से महावीर (50), कुसुम देवी (60), अमित कुमार (10) और आनंद कुमार भी चोटिल हुए हैं। बताया जा रहा है कि कुछ घायलों की हालत गंभीर बनी हुई है। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और काफी मशक्कत के बाद स्थिति को नियंत्रण में किया। सभी घायलों को तत्काल अस्पताल भिजवाया गया, जहां उनका मेडिकल परीक्षण कराया जा रहा है और उपचार जारी है। कोतवाल आनंदपाल सिंह ने बताया कि दोनों पक्षों से कुल 9 लोग घायल हुए हैं। सभी का मेडिकल कराया जा रहा है। तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर आगे की विधिक कार्रवाई की जाएगी। पुलिस द्वारा गांव में शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए नजर रखी जा रही है।

# सरकारी आबादी की जमीन हो रहे कब्जे को राजस्व टीम ने रूकवाया



अखंड भारत संदेश

**कुंडा।** महेशगंज थाना क्षेत्र के अंजनी बाजार ऐंधा में सरकारी खाते में दर्ज पुरानी आबादी की जमीन पर अवैध कब्जे का मामला सामने आया है। मिथिला यादव की शिकायत के बाद राजस्व व पुलिस टीम ने मौके पर पहुंचकर काम रुकवा दिया।

बताया जा रहा है कि प्रमोद सोनकर पुत्र राम खेलावन राजू सोनकर पुत्र अशर्फी लाल जमीन पर सीमेंटेड बाउंड्रीवाल बनाकर कब्जा करने का प्रयास कर रहे थे। मामले की शिकायत कुंडा एसडीएम वाचस्पति सिंह से की गई थी। एसडीएम के निर्देश पर पहले क्षेत्रीय लेखपाल को मौके पर भेजा गया, जिन्होंने काम बंद करने के लिए नोटिस दिया, लेकिन इसके बावजूद दबंग किस्म के लोग निर्माण कार्य जारी रखे हुए थे। सोमवार को नायब तहसीलदार लालमणि, लेखपाल आशीष मौर्य, नगर पंचायत के ईओ राकेश कुमार और पुलिस टीम मौके पर पहुंची। टीम को देखते ही कब्जा कर रहे लोग मौके से फरार हो गए। राजस्व टीम ने आसपास के लोगों को सख्त हिदायत देते हुए निर्माण कार्य रुकवा दिया और संबंधित पक्षों को जमीन के अभिलेख प्रस्तुत करने का निर्देश दिया है। प्रशासन ने चेतावनी दी है कि सरकारी जमीन पर अवैध कब्जा करने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

# किसानो को किया गया जागरूक



अखंड भारत संदेश

**कुंडा।** विकासखंड बिहार के ग्राम पंचायत रामपुर कोटवा मे किसानो को जागरूक करने के लिए पान सीट्स प्राइवेट लिमिटेड कोलकाता द्वारा एक गोष्ठी की गई। जिसमें सैकड़ो किसानो ने भाग लिया। जिसमे किसानों को किस प्रकार से खेती करना है किस-किस चीज का उपयोग करना है जिससे किसानों को फायदा हो सके हो सके इसके बारे में जानकारी दी गई। इस मौके पर जोनल मैनेजर डा गौरव त्रिपाठी, मार्केटिंग मैनेजर मृत्युंजय मिश्रा, रिजिनल मैनेजर ओम प्रकाश पटेल व अभिषेक सिंह, शिव सावन सिंह, दीपक त्रिपाठी, आशु सिंह, जय सिंह, धोनी यादव, अमृतलाल सरोज, विमलेश पांडे, मनोज मिश्रा, प्रदीप द्विवेदी रामखेलावन यादव सोनू यादव दूधनाथ यादव राजा रामपाल आदि किसान मौजूद रहे।

# देशी बम के साथ धराया आरोपी, गया जेल

**प्रतापगढ़।** देशी बम के साथ सांगीपुर पुलिस ने आरोपी को हिरासत में लेकर जेल भेज दिया। थाने के दरोगा अतुल तिवारी सोमवार को फोर्स के साथ गश्त पर निकले थे। थाना क्षेत्र के बूढ़े बाबा मंदिर देउम पश्चिम के समीप एक युवक पुलिस को संदिग्ध दशा में दिखा। आरोपी बड़ा असांव निवासी सोहेल खान पुत्र निसार अहमद की तलाशी लेने पर उसके पास से चार जिंदा देशी बम बरामद हुआ। पकड़े गए आरोपी के खिलाफ सांगीपुर थाने में आर्म्स एक्ट तथा दलित उत्पीड़न का भी केस दर्ज है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ विस्फोटक पदार्थ अधिनियम के तहत केस दर्ज किया है। दोपहर बाद आरोपी को पुलिस ने जेल भेज दिया।

# दहेज उत्पीड़न, हत्या के आरोपियों को कारावास की सजा

**प्रतापगढ़।** अपर सत्र न्यायाधीश रामलाल ने दहेज उत्पीड़न तथा दहेज हत्या में दोषी पाते हुए अमर सरोज उर्फ कुंवर सरोज सुत छोटेलाल,शांति देवी पत्नी छोटेलाल तथा छोटेलाल पुत्र पीतांबर निवासीगण लाल का पुरवा, थाना हथिगवां को सात-सात वर्ष के कारावास तथा प्रत्येक को 10-10 हजार रूपया अर्थ दंड से दंडित किया। अर्थदंड की राशि में से अंकन रुपया 20,000 वादी मुकदमा को प्राप्त कराया जाएगा। उक्त मामले में राज्य की ओर से पैरवी एडीजीसी अजय कुमार पांडेय ने की। वादी मुकदमा बब्लू सरोज के अनुसार उसकी बहन माया देवी की शादी वर्ष1ध्12ध् 2016 में लाल का पुरवा, थाना हथिगवां के अमर सरोज छोटेलाल के साथ हुई थी। मेरे पिताजी ने अपनी हैसियत के अनुसार दान दहेज दिया था।शादी के कुछ दिनों बाद से उसकी बहन के पति अमर सरोज ससुर छोटेलाल तथा साथ शांति देवी आए दिन दहेज की मांग को लेकर प्रताड़ित किया करते दहेज में सोने की चेन व सोने की अंगूठी तथा रूपया 50,000 की मांग करते थे उसके लिए उसे शारीरिक एवं मानसिक रूप से प्रताड़ित भी कर रहे थे । जिसकी सूचना वादी को उसकी बहन फोन से दिया करती थी। 5 मई 2018 शनिवार को उपरोक्त तीनों लोगों ने मिलकर उसकी बहन को फांसी लगाकर हत्या कर दी। राज्य की ओर से नौ गवाहो को परीक्षित कराया गया।

# बाबा धाम में मासूम के सकुशल मिलने पर पुलिस की सक्रियता की हुई सराहना

**लालगंज।** सोमवार को बाबा घुइसरनाथ धाम में जल चढ़ाने आये दम्पती के तीन वर्षीय मासूम के अचानक लापता होने पर हडकंप मच गया। हालांकि चैकी पर तैनात पुलिस टीम ने मासूम को भीड़ में खोजकर दम्पती के हवाले करने में सफलता ली। पुलिस की तत्परता को लेकर बाबा धाम में सराहना भी हुई दिखी। लालगंज थाना के लालगंज निवासी राजू व उसकी पत्नी अपने तीन वर्षीय बेटे के साथ दर्शन करने पहुंचे। भीड़ में अचानक मासूम माता पिता से बिछड़ गया। दम्पती का रोना बिलखना देख धाम में तैनात आरक्षी नरेश शर्मा और प्रिंस देवानंद वहां पहुंचे। आरक्षियों ने सक्रियता दिखाते हुए कुछ ही देर में मासूम को भीड़ में सकुशल खोजकर उसके माता पिता के हवाले कर दिया। बेटे के सकुशल मिलने पर दम्पती ने राहत की सांस महसूस की। वहीं पुलिस की सक्रियता की दम्पती के साथ जुटे श्रद्धालुओं ने भी सराहना हुई दिखी।

# अवैध कटान पर केस दर्ज आरोपी हिरासत में

**पट्टी।** पर्यावरण संरक्षण को लेकर सख्ती के बीच पुरानी पट्टी मोहल्ले में हरे नीम के पेड़ों की अवैध कटाई का मामला सामने आने से हड़कंप मच गया। बिना अनुमति पेड़ काटने पर पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी के खिलाफ वन संरक्षण अधिनियम की धाराओं में मुकदमा दर्ज कर उसे हिरासत में ले लिया। जानकारी के मुताबिक, पुरानी पट्टी निवासी छोटे लाल सरोज द्वारा सड़क किनारे खड़े हरे-भरे नीम के पेड़ों को कटवाया जा रहा था। सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंची, जहां पेड़ों के ऊपरी हिस्से काटकर गिराए जा चुके थे और लकड़ियां भी मौके पर पड़ी मिलीं। यह नजारा देखकर आसपास के लोग भी एकत्र हो गए और मामले को लेकर नाराजगी जताई। पुलिस ने मौके पर मौजूद व्यक्ति से पेड़ काटने की अनुमति संबंधी दस्तावेज मांगे, लेकिन वह कोई वैध कागज नहीं दिखा सका। पूछताछ में उसने बताया कि दुकान पर टीन शेड लगाने के लिए पेड़ कटवाया जा रहा था।बिना अनुमति हरे पेड़ों की कटाई को गंभीर अपराध मानते हुए पुलिस ने तत्काल मुकदमा दर्ज किया और आरोपी को हिरासत में ले लिया। साथ ही कटे हुए नीम के पेड़ों की लकड़ियों को कब्जे में लेकर आगे की विधिक कार्रवाई शुरू कर दी गई है। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि पर्यावरण को नुकसान पहुंचाने वाले ऐसे मामलों में किसी भी तरह की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। अवैध रूप से पेड़ काटने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई जारी रहेगी।

# कौशाम्बी में पूर्व प्रधान पर जानलेवा हमला

## ● सुबह टहलने निकले मनोज कुमार को बाइक सवार बदमाशों ने मारी गोली

**अखंड भारत संदेश**



**हर्रायपुर कौशांबी।** संदीपन घाट क्षेत्र में पूर्व प्रधान पर जानलेवा हमला की वारदात से दहशत का माहौल व्याप्त है गंभीर हालत में प्रयागराज के एसआरएन अस्पताल में भती कराया गया है हमलावर की गिरफ्तारी के लिए एसपी ने तीन टीमों का गठन किया है। जानकारी के अनुसार,संदीपन घाट थाना क्षेत्र के आलमचंद्र गांव निवासी पूर्व प्रधान मनोज कुमार पुत्र सुंदरलाल रोज की तरह सोमवार सुबह टहलने के लिए घर से निकले थे। अभी वह घर से कुछ ही दूरी पर पहुंचे थे कि तभी बाइक सवार अज्ञात हमलावरों ने उन पर हमला बोल दिया। बदमाशों ने नजदीक से गोली मारकर उन्हें गंभीर रूप से घायल कर दिया और मौके से फरार हो गए।घटना के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई। आसपास मौजूद लोगों ने तत्काल पुलिस को सूचना दी।सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और एंबुलेंस की मदद से घायल मनोज कुमार को प्रयागराज के एसआरएन अस्पताल भेजा गया,जहां चिकित्सकों ने उनकी हालत गंभीर बताई है।घटना के संबंध में थाना प्रभारी संदीपन घाट इंद्रदेव ने बताया कि पूर्व प्रधान को अज्ञात हमलावरों द्वारा गोली मारी गई है। आरोपियों की तलाश के लिए पुलिस टीमों को लगाया गया है और आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली जा रही है,ताकि हमलावरों की पहचान कर उन्हें जल्द गिरफ्तार किया जा सके।घटना की सूचना मिलते ही पुलिस अधीक्षक सत्यनारायण प्रजापत मौके पर पहुंचे और घटनास्थल का निरीक्षण किया। उन्होंने मामले के शीघ्र खुलासे के लिए तीन विशेष टीमों का गठन करते हुए अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए हैं। दिनदहाड़े हुई इस वारदात से क्षेत्र में दहशत का माहौल है,वहीं पुलिस मामले की गहन जांच में जुटी हुई।

## राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार उद्यान, कृषि विपणन कृषि विदेश व्यापार एवं कृषि निर्यात, उ.प्र. का जनपद भ्रमण कार्यक्रम

**कौशांबी** राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार उद्यान,कृषि विपणन,कृषि विदेश व्यापार एवं कृषि निर्यात,उ.प्र. दिनेश प्रताप सिंह दिनांक 05 मई, 2026 को पूर्वाहन 10:30 बजे कलेक्ट्रेट, कौशांबी पहुंचेंगे। राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार मुख्यमंत्री की अध्यक्षता में बाबा गंभीरनाथ प्रेक्षागृह, गोरखपुर में शिक्षामित्रों के बढ़े हुए मानदेय के भुगतान वितरण का शुभारम्भ एवं शिक्षामित्रों के सम्मान हेतु आयोजित समारोह कार्यक्रम सजीव प्रसारण के समानान्तर उदयन सभागार में आयोजित कार्यक्रम में प्रतिभाग करेंगे।

## न्यूज झरोखा

### उप जिलाधिकारी ने ग्राम जाठी में भूमि विवाद की शिकायतों का मौके पर ही कराया निस्तारण



**कौशांबी।** जिलाधिकारी के निर्देशानुसार उप जिलाधिकारी, मंझनपुर आकाश सिंह ने टॉप 10 भूमि विवादों का मौके पर समाधान अभियान के अंतर्गत सोमवार को ग्राम जाठी में कैम्प आयोजित कर राजस्व एवं पुलिस की संयुक्त टीम द्वारा भूमि विवाद से संबंधित शिकायतों का ग्राम स्तर पर ही त्वरित निस्तारण सुनिश्चित कराया कैम्प में राजस्व एवं पुलिस की संयुक्त टीम ने शिकायतकर्ता गिरजा प्रसाद को मौके पर जाकर पट्टे की भूमि पर कब्जा दिलाया गया। इसी प्रकार शिकायतकर्ता संगम दुबे द्वारा आवास आवंटन के संबंध में प्राथर्ना पत्र दिए जाने पर उप जिलाधिकारी ने संबंधित को निर्देशित किया गया कि प्रस्ताव कर आवंटन की कार्यवाही की जाए कैम्प में ग्राम के 02 अंत्योदय कार्ड धारकों की शिकायत की गई कि, दोनों व्यक्ति गांव में नही रहते हैं, पात्र व्यक्ति को अंत्योदय कार्ड निर्गत किया जाय, जिस पर उप जिलाधिकारी ने मौके पर उपस्थित ग्राम पंचायत अधिकारी को जांच कर आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश दिए उप जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि भविष्य में भी इसी प्रकार संवेदनशीलता एवं तत्परता के साथ जनता की समस्याओं का समाधान सुनिश्चित किया जाए।

### अपर जिलाधिकारी न्यायिक ने ग्राम मलाक पिंजरी में भूमि विवाद की 03 शिकायतों का मौके पर ही कराया निस्तारण




**कौशांबी।** जिलाधिकारी के निर्देशानुसार अपर जिलाधिकारी (न्यायिक) ओम प्रकाश ने टॉप 10 भूमि विवादों का मौके पर समाधान अभियान के अंतर्गत सोमवार को तहसील सिराथू की ग्राम मलाक पिंजरी में आयोजित कैम्प में राजस्व एवं पुलिस की संयुक्त टीम द्वारा भूमि विवाद से संबंधित शिकायतों के निस्तारण की स्थिति का स्थलीय सत्यापन किया एवं ग्राम स्तर पर ही त्वरित निस्तारण सुनिश्चित कराया।कैम्प में राजस्व एवं पुलिस की संयुक्त टीम ने शिकायतकर्ता भगवानदीन की शिकायत पर ग्राम की गाटा संख्या 857, जो खतौनी में चकमार्ग दर्ज है,पर हुए अवैध अतिक्रमण को मौके पर ही हटवाया। इसी प्रकार ग्राम की गाटा संख्या 72, 73, 86, 88, 90, 95 एवं 96 में पत्थरगढ़ी कर भूमि विवाद का समाधान किया गया अपर जिलाधिकारी (न्यायिक) ने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि भविष्य में भी इसी प्रकार संवेदनशीलता एवं तत्परता के साथ जनता की समस्याओं का समाधान सुनिश्चित किया जाए।

### अपर जिलाधिकारी वि./रा. ने ग्राम फरीदपुर सुलेम में भूमि विवाद की 05 शिकायतों का मौके पर ही कराया निस्तारण



**कौशाम्बी।** जिलाधिकारी के निर्देशानुसार अपर जिलाधिकारी (वि./रा.) शालिनी प्रभाकर ने टॉप 10 भूमि विवादों का मौके पर समाधान अभियान के अंतर्गत सोमवार को तहसील चायल की ग्राम फरीदपुर सुलेम में आयोजित कैम्प में राजस्व एवं पुलिस की संयुक्त टीम द्वारा भूमि विवाद से संबंधित शिकायतों के निस्तारण की स्थिति का स्थलीय सत्यापन किया एवं ग्राम स्तर पर ही त्वरित निस्तारण सुनिश्चित कराया।कैम्प में राजस्व एवं पुलिस की संयुक्त टीम ने शिकायतकर्ता संजय कुमार की शिकायत पर ग्राम की आराजी संख्या 1035 में मेडबंदी कर सुपुर्द किया। इसी प्रकार ग्राम की आराजी संख्या 1033 का चिन्हांकन कर ग्राम प्रधान के सुपुर्द किया गया।ग्राम प्रधान जगत बहादुर की शिकायत पर ग्राम के चकमार्ग का चिन्हांकन किया गया। ग्राम की आराजी संख्या 1099,जो खतौनी में तालाब की भूमि दर्ज है, का चिन्हांकन किया गया।अपर जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि भविष्य में भी इसी प्रकार संवेदनशीलता एवं तत्परता के साथ जनता की समस्याओं का समाधान सुनिश्चित किया जाए।

## उ.प्र. रोजगार मिशन जिला कायर्कारी समिति एवं रोजगार सृजन सम्बन्धी कार्यक्रमों तथा ग्राम्य विकास के कार्यों के प्रगति की समीक्षा

**कौशांबी।** जिलाधिकारी डॉ.अमित पाल ने उदयन सभागार में उ.प्र. रोजगार मिशन की जिला कायकारी समिति व रोजगार सृजन सम्बन्धी कार्यक्रमों एवं ग्राम्य विकास के कार्यो की प्रगति की समीक्षा की।जिलाधिकारी ने जिला सेवायोजन अधिकारी से कहा कि शासन द्वारा वित्तीय वर्ष 2026-27 के लिए लक्ष्य प्राप्त होते ही कायायोजना बनाकर प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने प्रधानाचार्य,राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान से रोजगार मेला एवं अप्रेन्टिसशिप में लक्ष्य के सापेक्ष प्रगति की जानकारी प्राप्त करते हुए कहा कि जनपद में कार्यरत कायदायी संस्थाओं से समन्वय कर लक्ष्य के सापेक्ष शत-प्रतिशत लाई जाए। उन्होंने सभी संबंधित अधिकारियों को शासन द्वारा वित्तीय वर्ष 2026-27 के लिए लक्ष्य प्राप्त होते ही कायोजना बनाकर प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

### दैवीय आपदा से पीड़ित,ऐसे परिवार जिनके पास आवास की सुविधा नही है, ऐसे सभी परिवारों को आवास की सुविधा से लाभान्वित किया जाए-डीएम

**कौशांबी।** जिलाधिकारी ने ग्राम्य विकास के कार्यो की समीक्षा के दौरान सभी खण्ड विकास अधिकारियों को अपूर्ण अन्नपूर्णा भवनों का निर्माण कार्य शीघ्र पूर्ण कराने के निर्देश दिए। इसके साथ ही उन्होंने प्रधानमंत्री आवास/मुख्यमंत्री आवास योजना के अन्तर्गत अधूरे आवासों का निर्माण कार्य भी शीघ्र पूर्ण कराने के निर्देश दिए जिलाधिकारी ने परियोजना निदेशक मनोज वर्मा से कहा कि तहसील से सूची प्राप्त कर दैवीय आपदा से पीड़ित,ऐसे परिवार जिनके पास आवास की सुविधा नहीं है,ऐसे सभी परिवारों को आवास की सुविधा से लाभान्वित किया जाए। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि ऐसे दिव्यांग एवं निराश्रित महिलाएं, जिनके पास आवास की सुविधा नहीं है,उन्हें मुख्यमंत्री आवास योजना के अंतर्गत लाभान्वित किया जाए।

## जिलाधिकारी ने की जिला स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण की बैठक

### आर.आर.सी. सेन्टर का संचालन व्यवस्थित एवं प्रभावी तरीके से सुनिश्चित कराने के निर्देश



**कौशांबी।** जिलाधिकारी डॉ.अमित पाल ने सोमवार को उदयन सभागार में जिला स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) की बैठक की जिलाधिकारी ने व्यक्तिगत शौचालयों की रेट्रोफिटिंग के लिए किए जा रहें सर्वे की समीक्षा के दौरान जिला पंचायतराज अधिकारी से कहा कि लक्ष्य के सापेक्ष रेट्रोफिटिंग का कार्य शीघ्र पूर्ण करा लिया जाय। उन्होंने आर.आर.सी. संचालन की समीक्षा के दौरान आर.आर.सी. संचालन की स्थिति ठीक न पाए जाने पर नाराजगी प्रकट करते हुए जिला पंचायतराज अधिकारी एवं सभी सहायक विकास अधिकारी (पं0) से कहा कि सभी आर.आर.सी. सेन्टर का संचालन व्यवस्थित और प्रभावी तरीके से सुनिश्चित किया जाय, ताकि आर.आर.सी. सेन्टर संचालन के उद्देश्यों की पूर्ति की जा सके। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि आगामी बैठक तक अपेक्षित प्रगति न पाए जाने पर संबंधित के विरुद्ध कार्रवाई की जाएगी जिलाधिकारी ने सामुदायिक शौचालय के संचालन एवं केयरटेकरों के भुगतान की स्थिति की समीक्षा के दौरान जिला पंचायतराज अधिकारी से कहा कि केयरटेकरों को समय से भुगतान सुनिश्चित किया जाए। बैठक में जिला पंचायतराज अधिकारी ने बताया कि ग्राम पुरखास में निर्मित प्लास्टिक यूनिट में 25.02 कुन्तल एवं ग्राम टेंवा में निर्मित प्लास्टिक यूनिट में 28.80 कुन्तल प्लास्टिक एकत्र किया जा चुका है, जिसमें प्लास्टिक का धुलाई व छटाई का कार्य कराया जा रहा है। ग्रामीण अभियंत्रण विभाग एवं लोक निर्माण विभाग से समन्वय कर बिक्रय की कार्यवाही प्रचलित है। वर्तमान में अन्य वेण्डरों से प्लास्टिक का विक्रय करते हुए ओ.आर.एस. जनरेट किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि गोबरधन योजना के अन्तर्गत ग्राम बिदाव में स्थापित बायो गैस प्लान्ट से उत्पादित गैस से गौ-आश्रय स्थल, पुलिस चौकी एवं पंचायत भवन में विद्युत आपूर्ति की जा रही है।जिला पंचायतराज अधिकारी ने बताया कि जनपद में और 10 सामुदायिक शौचालयो के निर्माण का लक्ष्य प्राप्त हुआ है, जिस पर जिलाधिकारी ने उपयुक्त स्थान का चयन कर अग्रिम कार्यवाही करने के निर्देश दिए।बैठक में मुख्य विकास अधिकारी विनोद राम त्रिपाठी सहित अन्य सम्बन्धित अधिकारीगण उपस्थित रहे।

## वन विभाग की मिली भगत से रात के अंधेरे में वन माफिया हरे पेड़ों को कर रहे हैं धराशाई




**कौशांबी।** सिराथू तहसील क्षेत्र के देवखरपुर ग्राम पंचायत के आसपास वन विभाग के एक जयचंद नामक संविदा कमी के मिली भगत से वन रेंजर की साँठ गांठ हरे पेड़ की कटान होती है इलाके में खुलेआम हरे पेड़ काटे जा रहे हैं रविवार की रात्रि ग्यारह बजे से विशाल हरे वृक्षो की कटान शुरू हुई सुबह भोर चार बजे तक पेड़ की लकड़ी को माफिया उठा ले गए मामले में अभी तक वन विभाग में कोई कार्यवाही नहीं की है।

## अराजक तत्वों का हर्रायपुर पुलिस चौकी में धावा पुलिस हिरासत से आरोपियों को जबरन छुड़ाया

**अखंड भारत संदेश**



**हररायपुर कौशाम्बी।** संदीपन घाट थाना क्षेत्र के हर्रायपुर पुलिस चौकी में रविवार की रात मोबाइल चोरी और छिनैती के मामले में पूछताछ के लिए हिरासत में लिए गए करीब आधा दर्जन संदिग्धों को छुड़ाने के लिए दजर्नों की संख्या में पहुंचे अराजक तत्वों ने पुलिस चौकी में घुसकर जमकर हंगामा किया।पुलिस द्वारा मोबाइल चोरी के आरोप में कुछ लोगों को पूछताछ के लिए चौकी पर बैठाया गया था। इसी दौरान उनके परिजन और गांव के करीब दो दर्जन से अधिक महिला-पुरुष पुलिस चौकी पहुंच गए और अचानक उग्र होकर पुलिसकर्मियों से धक्का-मुक्की शुरू कर दी। आरोप है कि भीड़ ने जबरन चौकी के भीतर घुसकर हिरासत में बैठे लोगों को छुड़ा लिया।प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक, अराजक भीड़ ने पुलिसकर्मियों के साथ बदसलूकी किया जिससे चौकी परिसर में अफरा-तफरी मचा दी। हालात इतने बिगड़ गए कि कुछ देर के लिए चौकी परिसर पर भीड़ का कब्जा सा हो गया।घटना के बाद पुलिस महकमे में हड़कंप मच गया। बताया जा रहा है कि उपद्रवी कोइलहा गांव के रहने वाले हैं। पुलिस ने मामले को गंभीरता से लेते हुए वीडियो फुटेज और अन्य साक्ष्यों के आधार पर उपद्रवियों की पहचान शुरू कर दी है। जल्द ही आरोपियों पर सरकारी कार्य में बाधा,पुलिस से अभद्रता और आरोपियों को छुड़ाने जैसी गंभीर धाराओं में कार्रवाई होगी।

## नीट परीक्षा में नियमों की अनदेखी का आरोप

**अखंड भारत संदेश**

**कौशांबी।** जिले में आयोजित नीट राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा को लेकर सराय अकिल स्थित आदर्श इंटर कॉलेज परीक्षा केंद्र पर गंभीर अनियमितताओं के आरोप सामने आए हैं। आरोप है कि जिला प्रशासन द्वारा जारी स्पष्ट निर्देशों के बावजूद परीक्षा केंद्र पर सरकारी कर्मचारियों की जगह प्राइवेट बाहरी लोगों को क्लर्क बाबू बनाकर परीक्षा ड्यूटी में लगाया गया।मामले को लेकर शिक्षा विभाग और केंद्र व्यवस्थापन की कार्यप्रणाली पर बड़े सवाल खड़े हो गए हैं।विश्वसनीय सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार नीट परीक्षा को निष्पक्ष एवं पारदर्शी ढंग से सम्पन्न कराने के लिए जिला अधिकारी कौशाम्बी अमित पाल द्वारा 36 अध्यापकों एवं कमर्चारियों की सूची तैयार कर परीक्षा केंद्र को उपलब्ध कराई गई थी। इस सूची में विद्यालय के तीन नियमित बाबुओं की ड्यूटी लगाए जाने का भी स्पष्ट उल्लेख बताया जा रहा है। आरोप है कि इसके बावजूद प्रधानाचार्य स्तर पर मनमानी करते हुए सरकारी क्लर्कों को परीक्षा ड्यूटी से बाहर कर दिया गया और उनकी जगह निजी तथा बाहरी लोगों को बाबू के रूप में तैनात कर दिया गया।मामला यहीं तक सीमित नहीं रहा। आरोप यह भी है कि जिला अधिकारी द्वारा साफ निर्देश दिए गए थे कि जिन विषयों की परीक्षा आयोजित हो रही है, उन विषयों के अध्यापक परीक्षा केंद्र परिसर में मौजूद नहीं रहेंगे और न ही उनकी ड्यूटी लगाई जाएगी। लेकिन इसके बावजूद फिजिक्स,मैथ और केमिस्ट्री विषय के अध्यापकों को परीक्षा के दौरान विद्यालय परिसर में मौजूद रखा गया। इससे परीक्षा की गोपनीयता और निष्पक्षता को लेकर भी सवाल खड़े होने लगे हैं। स्थानीय लोगों और शिक्षा जगत से जुड़े लोगों का कहना है कि जब जिला प्रशासन ने पहले से स्पष्ट दिशा-निर्देश जारी किए थे,तो आखिर उन्हें नजरअंदाज करने का साहस किसके संरक्षण में किया गया? लोगों का आरोप है कि परीक्षा जैसे संवेदनशील कार्य में नियमों की अनदेखी गंभीर मामला है और इसकी निष्पक्ष जांच होनी चाहिए। बताया जा रहा है कि परीक्षा केंद्र पर तैनाती को लेकर अंदरखाने काफी नाराजगी भी रही, लेकिन परीक्षा प्रक्रिया प्रभावित होने के डर से कई कमर्चारी खुलकर सामने नहीं आए। अब मामला चर्चा का विषय बना हुआ है और लोग जिम्मेदार अधिकारियों की भूमिका पर सवाल उठा रहे हैं।इस पूरे मामले में जिला अधिकारी से संपर्क कर पक्ष जानने का प्रयास किया गया,लेकिन उनसे बात नहीं हो सकी। इसी क्रम में अपर जिला अधिकारी से भी संपर्क करने का प्रयास किया गया,किंतु उनका पक्ष भी प्राप्त नहीं हो सका। अब देखना यह होगा कि जिला प्रशासन इस मामले को कितनी गंभीरता से लेता है और परीक्षा केंद्र पर लगाए गए आरोपों की जांच कर कोई कारर्वाई करता है या नहीं।

## नाली बनाने पर मजदूर को लाठी डंडे से पीटा

**हररायपुर कौशांबी** संदीपन घाट थाना क्षेत्र के कुराई गांव निवासी जिया लाल पासी पुत्र राजकिशोर पासी ने थाना पुलिस को शिकायती पत्र देकर बताया कि वह सरकारी नाली बनाने का काम करता है अमर सिंह और रामबाबू ने घर के सामने से नाली बनाने का विरोध किया और कहा कि उनके घर के सामने नाली नहीं बनेगी इसी बात को लेकर अमर सिंह वा रामबाबू ने गाली गलौज करते हुए जिया लाल पासी को लाठी डंडा से मारा पीटा है जिससे उसे चोट आई है।

## जिलाधिकारी ने की जिला पर्यावरण समिति एवं जिला गंगा समिति की बैठक

**कौशांबी।** जिलाधिकारी डॉ. अमित पाल की अध्यक्षता में उदयन सभागार में जिला पर्यावरण समिति एवं जिला गंगा समिति की बैठक संपन्न हुई।बैठक में जिलाधिकारी ने पौधारोपण अभियान-2026 के अन्तर्गत अब तक की गई तैयारियों/कार्यवाहियों की जानकारी प्राप्त कर आवश्यक निर्देश देते हुए कहा कि शासनादेश के अनुसार सभी कार्यवाही समय से सुनिश्चित कराई जाए। उन्होंने गत बैठक में खण्ड विकास अधिकारियों एवं अधिशासी अधिकारियों को दिए गए निर्देश कि विकास खण्ड/नगर निकाय में 05-05 ऐसे स्थल चिन्हित कर पौधारोपण कराने के साथ ही उस स्थान को विकसित किया जाए, ताकि आमजन मॉर्निंग वॉक एवं परिवार के साथ भ्रमण कर सके, में अब तक की गई कार्यवाही की जानकारी प्राप्त कर मुख्य विकास अधिकारी से कहा कि चिन्हित किए गए स्थलों का सत्यापन जिला स्तरीय अधिकारियों से करा लिया जाए। उन्होंने नियमित रूप से ग्रीन चौपाल का आयोजन कराने के भी निर्देश दिए।जिलाधिकारी ने जिला गंगा समिति की बैठक के दौरान अधिशासी अधिकारी,दारा नगर से कहा कि गंगा घाट की साफ-सफाई की बेहतर व्यवस्था सुनिश्चित बनाए रखी जाए तथा शेड बनाए जाने का कार्य शीघ्र शुरू करा दिया जाए बैठक में मुख्य विकास अधिकारी विनोद राम त्रिपाठी सहित अन्य सम्बन्धित अधिकारीगण उपस्थित रहे।

### गौशालाओं में सभी आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित बनाएं रखने के डीएम ने दिए निर्देश

**कौशांबी।** जिलाधिकारी डॉ.अमित पाल की अध्यक्षता में उदयन सभागार में गोसंरक्षण के सम्बन्ध में जिलास्तरीय अनुश्रवण,मूल्यांकन एवं समीक्षा समिति की बैठक सम्पन्न हुई।जिलाधिकारी ने मुख्य पशु चिकित्साधिकारी से ग्रीष्म ऋतु के दृष्टिगत सभी गौशालाओं में गोवंशों को गमी से बचाव के लिए किए गए आवश्यक व्यवस्थाओं की जानकारी प्राप्त करते हुए आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने चारागाह की भूमि का प्रबन्धन व चारा उत्पादन की समीक्षा के दौरान सभी खण्ड विकास अधिकारियों को शत-प्रतिशत प्रगति लाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सभी गौआश्रय स्थलों में पर्याप्त भूसा-चारा एवं सी.सी.टी.वी. की क्रियाशीलता सुनिश्चित बनाए रखी जाए।जिलाधिकारी ने सभी खण्ड विकास अधिकारियों को निर्देशित किया कि आगामी वर्षा ऋतु में किसी भी गौशाला में जल-जमाव होने की शिकायत न आने पाए, अभी से ही आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित करा लिए जाए बैठक में मुख्य विकास अधिकारी विनोद राम त्रिपाठी सहित अन्य सम्बन्धित अधिकारीगण उपस्थित रहे।

### जिलाधिकारी ने की खाद्य एवं रसद विभाग के कार्यो की प्रगति की समीक्षा

**कौशांबी।** जिलाधिकारी डॉ.अमित पाल ने उदयन सभागार में खाद्य एवं रसद विभाग के कार्यों की प्रगति की समीक्षा की जिलाधिकारी ने समीक्षा के दौरान जिला पूर्ति अधिकारी को 06 रिक्त उचित दर दुकानों को नियमानुसार शीघ्र नियुक्ति कराने के निर्देश देते हुए कहा कि दुकान रिक्त होने पर नियमानुसार समयबद्ध नियुक्ति की कार्यवाही पूर्ण करा लिया जाय। उन्होंने ई.के.वाई.सी. एवं अवशेष यूनिटों पर आधार सीडिंग में शत-प्रतिशत प्रगति लाने के निर्देश देते हुए कहा कि पात्र लोगों को राशन कार्ड से लाभान्वित किया जाय, किसी भी स्तर पर शिथिलता न बरती जाय। उन्होंने निर्माणाधीन अन्नपूर्णा भवनों की समीक्षा के दौरान सम्बन्धित खण्ड विकास अधिकारियों को निर्माण कार्य शीघ्र पूर्ण कराने के भी निर्देश दिए। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी विनोद राम त्रिपाठी सहित अन्य सम्बन्धित अधिकारीगण उपस्थित रहे।

## भवनसुरी बालू घाट से ओवर लोड डम्पर बिना रवन्ना के पश्चिम शरीरा थाना के बैरमपुर पुलिस चौकी के पास डम्प कर रहे हैं बालू

### खनन अधिकारी कौशाम्बी महेवाघाट थाना व पश्चिम शरीरा पुलिस इस खेल से अंजान






**कौशांबी।** बालू माफियाओं के दबदबा को खनन अधिकारी महेवाघाट पुलिस और पश्चिम शरीरा पुलिस तथा जनपद की गठित टीम सम्मान पूर्वक झुक कर सलाम कर रही है इन्ही की सह पर भवनसुरी घाट से प्रतिदिन बिना रवन्ना के सैकड़ों ओवर लोड डम्पर बालू पश्चिम शरीरा थाना क्षेत्र की चौकी बैरमपुर के पास डम्प हो रही है। बिना रवन्ना के बालू डम्प होने से लाखों रुपये के राजस्व का नुकसान किसके सह पर हो रहा है जिम्मेदार मौन है कोई इसकी जिम्मेदारी लेगा। इस घाट का दबंग ठेकेदार अपनी दबंगई के बल पर योगी जी के ज़ीरो टॉलरेंस को ठेंगा दिखाने की हिमाकत कर रहा है। घाट से निकलने वाले ओवर लोड वाहनों की तौल के लिए लगा धर्म कांटा ऐसी जगह लगा वहाँ डम्पर जाते ही नही है एक किमी पहले से ट्रक डम्पर मुडकर पश्चिमशरीरा थाना क्षेत्र मे आते है वही पुलिस चौकी के पास डम्प मे बालू गिरा कर वापस भवनसुरी घाट चले जाते है। यह क्रम काफी दिनों से चल रहा है।

## 02 वारण्टी अभियुक्तों को कौशाम्बी पुलिस ने किया गिरफ्तार

**कौशांबी।** पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में जनपद में अपराध एवं अपराधियों के विरूद्ध चलाये गये अभियान के क्रम में थाना कौशाम्बी पुलिस टीम द्वारा मु0स0सं0 105/2020 धारा 323, 504, 506, 336, 427 भादवि से सम्बन्धित 02 वारण्टी अभियुक्तों छोटेलाल दर्जी पुत्र श्रीनाथ दर्जी वा रामसुमेर उर्फ मुन्नालाल पुत्र रामरूप निवासीगण ग्राम मुस्तफाबाद थाना व जनपद कौशाम्बी को गिरफ्तार किया गया विधिक कार्यवाही के पश्चात अभियुक्तों को न्यायालय के समझ प्रस्तुत किया है।

## सम्पादकीय

### चुनावी नतीजें के बाद बदल जाएगी देश की राजनीति

**देश** के चार राज्यों- असम, पश्चिम बंगाल, तमिलनाडु और केरल एवं एक केंद्र शासित प्रदेश पुड्डुचेरी में हुए विधानसभा चुनाव को लेकर तमाम एग्जिट पोल भी सामने आ चुके है। इस बार का विधानसभा चुनाव , इस मायने में बहुत खास है कि इसमें देश के दो प्रमुख राष्ट्रीय राजनीतिक दलों-कांग्रेस और बीजेपी के साथ ही तृणमूल कांग्रेस, डीएमके और एआईएडीएमके जैसे ताकतवर क्षेत्रीय दलों की प्रतिष्ठा भी दांव पर लगी है। सबसे बड़ा सवाल तो लेफ्ट फ्रंट के दलों के सामने खड़ा हो गया है क्योंकि केरल की सत्ता हाथ से जाते ही उनके सामने अस्तित्व का संकट खड़ा हो जाएगा। त्रिपुरा और पश्चिम बंगाल में तो लेफ्ट पार्टियां पहले ही साफ हो चुकी है।

जाहिर है कि इन पांच राज्यों/केंद्र शासित प्रदेश के चुनावी नतीजें सिर्फ इन राज्यों के मुख्यमंत्री ही तय नहीं करेंगे बल्कि दोनों गठबंधन- एनडीए एवं इंडिया को भी प्रभावित करेंगे। यह भी एक तथ्य है कि चाहे, चुनावी नतीजे जो भी आए लेकिन इसके बाद देश के दो प्रमुख राजनीतिक दलों में तेजी से बड़े बदलाव दिखाई देने लगेंगे।

बीजेपी ने नितिन नवीन को राष्ट्रीय अध्यक्ष बनाकर कई महीने पहले ही बदलाव की शुरूआत कर दी थी लेकिन वह बदलाव अभी संगठन के ढांचे और सरकार तक नहीं पहुंच पाया है। बताया जा रहा है कि चुनावी नतीजों के बाद नितिन नवीन की नई टीम के गठन के लिए उच्चस्तरीय बैठकों का दौर शुरू होगा। बीजेपी आलाकमान के सामने सबसे बड़ी चुनौती इस बात की है कि वो बुजुर्ग हो चुके नेताओं को संगठन से बाहर रहने के लिए कैसे मना पाते हैं क्योंकि सबसे युवा अध्यक्ष चुनने के बाद पार्टी उनकी टीम को भी युवा नेताओं से ही भरना चाहती है। पार्टी के युवा राष्ट्रीय अध्यक्ष की अध्यक्षता में बीजेपी को पार्टी का फैसला लेने वाली सर्वोच्च ईकाई संसदीय बोर्ड, उम्मीदवारों का चयन करने वाली केंद्रीय चुनाव समिति के साथ ही राष्ट्रीय पदाधिकारियों और मोर्चों का पुनर्गठन करना है। पार्टी में नए राष्ट्रीय उपाध्यक्ष, राष्ट्रीय महासचिव, राष्ट्रीय सचिव, राष्ट्रीय प्रवक्ता, मीडिया सहित विभिन्न विभागों की टीम के साथ ही राष्ट्रीय मोर्चों का भी पुनर्गठन करना है। इसके बाद बदलाव की यही प्रक्रिया सरकार और राज्यों में भी की जानी है। नई टीम में एक तरफ जहां युवा और अनुभवी नेताओं का संतुलन बनाना होगा वहीं महिलाओं को भी ज्यादा से ज्यादा जगह देनी होगी। बताया जा रहा है कि 4 मई को चुनावी नतीजे आने के 10-15 दिनों के अंदर नितिन नवीन की नई राष्ट्रीय टीम का ऐलान हो सकता है और इसके बाद भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय मुख्यालय का पूरा स्वरूप ही बदला-बदला नजर आएगा। कांग्रेस में भी बड़े पैमाने पर बदलाव की शुरूआत आने वाले दिनों में होने जा रही है। मोदी-शाह की जोड़ी ने 46 वर्ष के नितिन नवीन को बीजेपी का राष्ट्रीय अध्यक्ष बनाकर राहुल और सोनिया गांधी के सामने दुविधा की स्थिति पैदा कर दी है। मल्लिकार्जुन खड़गे सुलझे हुए परिपक्व नेता तो हैं लेकिन 2029 के लोकसभा चुनाव से पहले कांग्रेस को भी एक युवा राष्ट्रीय अध्यक्ष के साथ युवा नेताओं की टीम तो खड़ी करनी ही पड़ेगी।

# आईसीयू के अमानवीय एवं अनैतिक पक्षों की निगरानी जरूरी

-: ललित गर्ग:-

**देश** में स्वास्थ्य सेवा की वर्तमान स्थिति पर विचार करते समय एक अत्यंत चिंताजनक, मानवीय और संवेदनशील प्रश्न सामने आता है-क्या चिकित्सा अब सेवा न रहकर व्यवसाय का कठोर रूप एवं एक त्रासदी बनती जा रही है? विशेष रूप से निजी अस्पतालों के आईसीयू (गहन चिकित्सा कक्ष) से जुड़े मामलों ने इस प्रश्न को और अधिक तीखा बना दिया है। ऐसे अनेक उदाहरण सामने आए हैं, जहां मरीज के चिकित्सकीय रूप से स्थिर हो जाने के बावजूद उसे आईसीयू में रोके रखा जाता है। इसके पीछे का कारण अक्सर चिकित्सा की अनिवार्यता नहीं, बल्कि आर्थिक लाभ की निरंतर चलती प्रक्रिया होती है। यह स्थिति न केवल चिकित्सा के नैतिकता एवं सेवाभावना पर प्रश्नचिह्न लगाती है, बल्कि मानवता की मूल संवेदनाओं को भी झकझोरती है। हाल ही में सर्वोच्च न्यायालय द्वारा आईसीयू के लिए एकसमान दिशानिर्देशों की आवश्यकता पर बल देना इस गंभीर समस्या की स्वीकारोक्ति भी है और समाधान की दिशा में एक सार्थक पहल भी। न्यायालय ने स्पष्ट किया है कि जो मरीज चिकित्सकीय रूप से स्थिर हो चुके हैं या जिन्हें गहन निगरानी अथवा जीवन रक्षक उपकरणों की आवश्यकता नहीं है, उन्हें अनावश्यक रूप से आईसीयू में नहीं रखा जाना चाहिए। यह निर्देश केवल प्रशासनिक नहीं, बल्कि गहरे नैतिक आधार पर टिका हुआ है। यह हमें याद दिलाता है कि चिकित्सा का मूल उद्देश्य जीवन की रक्षा और पीड़ा का निवारण है, न कि आर्थिक लाभ का अधिकतमकरण। सही मायनों में सुप्रीम कोर्ट के ये दिशानिर्देश एक सरल व सामान्य सिद्धांत की पुष्टि करते हुए इस विसंगति को दूर करने का प्रयास करते हैं कि किसी भी अस्पताल का आईसीयू मरीज की अनिश्चितकालीन देखभाल के लिए नहीं होता है। इन दिशानिर्देशों में यह निर्दिष्ट किया गया है कि चिकित्सकीय रूप से स्थिर हो चुके या जिन मरीजों के अंगों को बाहरी सहायता अथवा शारीरिक निगरानी की आवश्यकता नहीं होती, उन्हें अस्पताल से छुट्टी दे दी जानी चाहिए। इससे भी महत्वपूर्ण बात यह है कि शीर्ष अदालत ने समस्या के यथाशीघ्र समाधान की जरूरत पर बल दिया है। अदालत ने डॉक्टरों की प्रतिष्ठा को संरक्षित करते हुए चिकित्सा संस्थानों व अस्पतालों की जवाबदेही सुनिश्चित करने पर बल दिया है। निश्चित तौर पर आधुनिक चिकित्सा खचीर्ली हो गई और बेहतर सुविधाओं के लिए बड़ी रकम चुकानी होती है। लेकिन इस व्यवस्था में सेवा का भाव न होकर व्यवसाय की भावना का अधिक होना चिन्ताजनक है। इसी के कारण इसमें अनेक विसंगतियां एवं क्रूरताएं व्याप्त होती जा रही है, इसके नियमन का कार्य यूं तो देश के नीति-नियंताओं और शासन-प्रशासन को करना चाहिए था। लेकिन विडंबना यह है कि अदालत को ऐसे मामलों में पहल करनी पड़ती है।



हाल ही में सर्वोच्च न्यायालय द्वारा एक समान गहन चिकित्सा ईकाई दिशानिर्देशों की जरूरत बताना विसंगतियों से जूझती आईसीयू प्रणाली के लिए एक आशा की किरण लेकर आई है। वास्तव में आईसीयू एक विशेष सुविधा है, जिसका उपयोग केवल उन मरीजों के लिए होना चाहिए जिनकी स्थिति गंभीर हो और जिन्हें निरंतर निगरानी या अत्याधुनिक उपकरणों की आवश्यकता हो। किंतु जब इस सुविधा का उपयोग लाभ कमाने के साधन के रूप में होने लगे, तब यह व्यवस्था एक प्रकार की अमानवीयता में परिवर्तित हो जाती है। गरीब और मध्यमवर्गीय परिवारों के लिए आईसीयू का खर्च अक्सर असहनीय होता है। एक दिन का खर्च हजारों से लेकर लाखों तक पहुंच सकता है। ऐसे में यदि मरीज को अनावश्यक रूप से वहां रोका जाता है, तो यह केवल आर्थिक शोषण नहीं, बल्कि मानसिक और सामाजिक उत्पीड़न भी है। यह स्थिति इसलिए भी जटिल हो जाती है क्योंकि आमजन को चिकित्सा प्रक्रियाओं की गहन जानकारी नहीं होती। मरीज के परिजन डॉक्टरों और अस्पताल प्रबंधन के निदेशों पर पूरी तरह निर्भर होते हैं। इस निर्भरता का दुरुपयोग तब होता है जब पारदर्शिता का अभाव होता है। कई बार मरीज को वास्तविक स्थिति से अवगत नहीं कराया जाता और उसे आईसीयू में बनाए रखने के निर्णय को अंतिम सत्य की तरह प्रस्तुत कर दिया जाता है। इस प्रकार एक अस्पष्टता का वातावरण बनता है, जिसमें सत्य और लाभ के बीच की रेखा धुंधली हो जाती है।

यदि हम इस समस्या की जड़ में जाएं, तो पाएंगे कि यह केवल अस्पतालों या डॉक्टरों तक सीमित नहीं है, बल्कि यह एक व्यापक व्यवस्थागत विफलता का परिणाम है। आजादी के बाद शिक्षा और स्वास्थ्य जैसे महत्वपूर्ण क्षेत्रों को सरकार के अधीन रखकर यह अपेक्षा की गई थी कि ये क्षेत्र जनसेवा के आदर्श उदाहरण बनेंगे। किंतु समय के साथ आर्थिक उदारीकरण और निजीकरण के प्रभाव ने इन क्षेत्रों की दिशा बदल दी। शिक्षा जहां एक महंगा व्यवसाय बन गई, वहीं चिकित्सा सेवा भी धीरे-धीरे लाभ कमाने का माध्यम बनती चली गई। यह कहना अनुचित नहीं होगा कि आज चिकित्सा क्षेत्र में एक प्रकार की ‘व्यावसायिक प्रतिस्पर्धा’ चल रही है, जिसमें मरीज एक ग्राहक की तरह देखा जाने लगा है। बड़े-बड़े निजी अस्पताल आधुनिक सुविधाओं से लैस होकर तेजी से बढ़ रहे हैं, जो एक दृष्टि से सकारात्मक है, लेकिन जब इन सुविधाओं का उपयोग केवल आर्थिक लाभ के लिए होने लगे, तब यह चिंता का विषय बन जाता है। अस्पतालों की संख्या बढ़ना अच्छा है, लेकिन उनकी कार्यप्रणाली में लोभ की प्रवृत्ति का बढ़ना जहां गहन घातक है, वही उसमें मानवीय संवेदना और नैतिकता का समावेश होना अधिक आवश्यक है।

इसी संदर्भ में सर्वोच्च न्यायालय के दिशानिर्देश एक आशा की किरण के रूप में सामने आते हैं। इन दिशानिर्देशों में न केवल मरीजों के अधिकारों की रक्षा की बात की गई है, बल्कि अस्पतालों की जवाबदेही भी सुनिश्चित करने का प्रयास किया गया है। नर्स और मरीज के अनुपात, विशेषज्ञों की उपलब्धता, बुनियादी ढांचे और प्रशिक्षण जैसे पहलुओं पर ध्यान केंद्रित करना इस दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। यह प्रयास स्वास्थ्य सेवा को अधिक पारदर्शी, जवाबदेह और न्यायसंगत बनाने की दिशा में मार्ग प्रशस्त कर सकता है। किन्तु यह भी उतना ही सत्य है कि किसी भी नीति या दिशानिर्देश की सफलता उसके प्रभावी क्रियान्वयन पर निर्भर करती है। भारत में अनेक बार देखा गया है कि अच्छे इरादों से बनाई गई योजनाएं केवल कागजों तक सीमित रह जाती हैं। यदि इन दिशानिर्देशों का पालन भी आधे-अधूरे मन से किया गया, तो यह प्रयास भी अपने उद्देश्य को प्राप्त नहीं कर पाएगा। इसके लिए राजनीतिक इच्छाशक्ति, पर्याप्त वित्तीय संसाधन और मजबूत प्रशासनिक ढांचे की आवश्यकता होगी।

साथ ही यह भी आवश्यक है कि इस पूरी प्रक्रिया में मानवीय दृष्टिकोण को केंद्र में रखा जाए। आईसीयू में लंबे समय तक भर्ती रहना केवल आर्थिक बोझ नहीं, बल्कि मानसिक पीड़ा का भी कारण होता है। मरीज और उसके परिवार दोनों ही एक अनिश्चितता और भय के वातावरण में जीते हैं। ऐसे में यदि मरीज को उसकी वास्तविक आवश्यकता के अनुसार उचित वार्ड में स्थानांतरित किया जाता है, तो यह न केवल खर्च को कम करता है, बल्कि उसे मानसिक राहत भी प्रदान करता है।

वर्ष 2047 तक एक विकसित और सशक्त भारत का सपना देखते हुए हमें यह सुनिश्चित करना होगा कि हमारी स्वास्थ्य व्यवस्था केवल तकनीकी रूप से उन्नत ही न हो, बल्कि नैतिक और मानवीय दृष्टि से भी समृद्ध हो।

चिकित्सा सेवा का मूल स्वरूप करुणा, सेवा और संवेदना पर आधारित होना चाहिए। यदि यह आधार कमजोर हो जाता है, तो सारी आधुनिकता और प्रगति भी अधूरी रह जाती है।

## आईएससी बोर्ड परीक्षा में वंशिका सिंह ने रचा इतिहास, 98.50 प्रतिशत अंक हासिल कर बढ़ाया सुल्तानपुर का मान

**सुलतानपुर। जनपद** की प्रतिभाशाली बेटी वंशिका सिंह ने आईएससी बोर्ड परीक्षा में 98.50 प्रतिशत अंक प्राप्त कर जिले ही नहीं बल्कि पूरे प्रदेश का नाम गौरवान्वित कर दिया है। वंशिका, उच्च न्यायालय लखनऊ के शासकीय अधिवक्ता एवं कुड़वार ब्लॉक के देवलपुर गांव निवासी डॉ. बी.के. सिंह की सुपुत्री हैं। उनकी इस शानदार सफलता से पूरे क्षेत्र में खुशी और उत्साह का माहौल है।वंशिका ने इससे पहले हाईस्कूल परीक्षा में भी उत्कृष्ट प्रदर्शन कर राष्ट्रीय स्तर पर अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया था। लगातार दूसरी बड़ी उपलब्धि हासिल कर उन्होंने यह सिद्ध कर दिया कि मेहनत, लगन और अनुशासन के बल पर किसी भी लक्ष्य को प्राप्त किया जा सकता है। वंशिका की इस ऐतिहासिक सफलता पर रामबरन स्नातकोत्तर महाविद्यालय, विभारपुर, जयसिंहपुर सुलतानपुर में एक सम्मान बैठक आयोजित की गई।



कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय के प्रबंधक अजय कुमार सिंह ने की। बैठक में उपस्थित शिक्षकों एवं गणमान्य लोगों ने वंशिका की उपलब्धि को जिले के लिए गौरवपूर्ण क्षण बताया। प्रबंधक वंशिका को सम्मानित कर उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

इस अवसर पर प्रशासनिक अधिकारी संजय सिंह, इंचार्ज प्राचार्य अजय कुमार त्रिपाठी, डॉ. जी.के. सिंह, डॉ. सिंधु लता त्रिपाठी, अमर बहादुर वर्मा, निदेशक अमर प्रताप सिंह सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे। सभी ने डॉ. बी.के. सिंह को बधाई देते हुए वंशिका के उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

## बनकेपुर मे किशोरी ने फांसी लगाकर दी जान

**सुलतानपुर। धम्मौर** थाना क्षेत्र के बनकेपुर गांव में उस समय सनसनी फैल गई जब एक 17 वर्षीय किशोरी का शव घर के कमरे में पंखे से लटकता मिला। परिजनों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने मौके का निरीक्षण कर शव को कब्जे में ले लिया। शुरूआती जानकारी के मुताबिक किशोरी ने दुपट्टे के सहारे फांसी लगाकर आत्महत्या की है,हालांकि मौत के पीछे की वजह अभी साफ नहीं हो सकी है।घटना की सूचना मिलते ही थाना धम्मौर पुलिस तत्काल मौके पर पहुंची।पुलिस ने घटनास्थल को सुरक्षित कर फॉरेंसिक यूनिट को बुलाया,जहां टीम ने कमरे से जरूरी साक्ष्य जुटाए और हर पहलू की बारीकी से पड़ताल की। किशोरी की मौत से परिवार में कोहराम मचा है,वहीं गांव में मातम पसरा हुआ है।पुलिस ने पंचायतनामा की कार्रवाई पूरी करते हुए शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। थानाध्यक्ष का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट और फॉरेंसिक जांच के आधार पर मौत के वास्तविक कारणों का पता लगाया जाएगा। फिलहाल मौके पर शांति व्यवस्था कायम है और पुलिस अग्रिम विधिक कार्रवाई में जुटी हुई है। सीओ नगर सौरभ सामंत ने बताया कि सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची।

## लंभुआ के ग्राम प्रधानों ने कार्यकाल बढ़ाने की मांग, सौंपा ज्ञापन

**सुल्तानपुर-विकास** खण्ड लंभुआ के समस्त ग्राम प्रधानों ने सोमवार को बैठक कर प्रधान संघ अध्यक्ष कैलाश चंद्र दूबे के नेतृत्व में मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन एडीओ पंचायत प्रदीप यादव को सौंपा। ज्ञापन में ग्राम प्रधानों द्वारा कार्यकाल विस्तार करने की मांग की गई है।



ज्ञापन में कहा गया है कि 26 मई 2026 को वर्तमान प्रधानों का कार्यकाल समाप्त हो रहा है। प्रधानों ने आशंका जताई है कि पंचायत चुनाव निर्धारित समय पर न होकर लगभग एक वर्ष आगे बढ़ सकते हैं। ऐसी स्थिति में ग्राम पंचायतों में प्रशासक नियुक्त करने के बजाय वर्तमान प्रधानों का ही कार्यकाल आगे बढ़ाया जाए।प्रधानों का तर्क है कि पूर्व में प्रशासकीय व्यवस्था अपेक्षाकृत कम प्रभावी रही है और भ्रष्टाचार की शिकायतें भी सामने आई हैं। जबकि निर्वाचित प्रधान अपने गांव के प्रति अधिक जवाबदेह एवं प्रतिबद्ध रहते हैं।

ज्ञापन में कहा गया कि लोकतांत्रिक प्रक्रिया से चुने गए जनप्रतिनिधि ग्राम पंचायतों के विकास एवं समस्याओं से भली-भांति परिचित हैं ।

## देसी बीजों के साथ शब्द बचाने की पहल

– बाबा मायाराम

**पिछले** कुछ वर्षों से बाबूलाल दाहिया ने देसी बीजों को बचाने का अभियान शुरू किया है। पुरानी परंपरागत चीजों का संग्रह किया है। वे स्कूली बच्चों के साथ जैव विविधता जागरूकता अभियान चलाते हैं। देश-भर में घूम-घूम कर किसानी कार्यशालाओं में जाते हैं और देशी बीजों का संरक्षण का संदेश देते हैं। इसके लिए उन्हें कई मंचों पर सम्मानित भी किया जा चुका है। उन्हें भारत सरकार ने पद्मश्री से भी सम्मानित किया है।



हमारी स्थानीय भाषाओं और बोलियों में परंपरागत ज्ञान का भंडार है। पेड़-पौधे, जीव-जंतुओं, मौसम, खेती-बाड़ी, भू दृश्यों की पहचान के लिए शब्द बहुत महत्वपूर्ण हैं। न केवल पहचान व सम्बन्ध विकसित करने के लिए शब्द जरूरी हैं, बल्कि मौखिक कौशल व जैव विविधता को बचाने के लिए भी बहुत जरूरी है साथ ही हमें आसपास की दुनिया से जोड़ने के लिए भी यह महत्वपूर्ण हैं। लेकिन कई कारणों से हम ऐसे शब्दों को भी भूलते जा रहे हैं, जो दैनंदिन जीवन का हिस्सा थे। आज इस कॉलम में इस पर ही बात करना चाहूंगा, जिससे हम भूलते जा रहे शब्दों के महत्व को समझ सकें।

हम बचपन से देखते आ रहे हैं कि शब्दों के माध्यम से ही हम एक-दूसरे से और आसपास की दुनिया से जुड़ते हैं। भाषा और शब्द ही वह तरीका है, जिससे हम न केवल आपस में जुड़ते हैं, बल्कि जीव-जगत से भी जुड़ जाते हैं। पौधों, जानवरों, पशु-पक्षियों, मौसम, जलवायु, खेती-बाड़ी, और भू दृश्यों से सहजता से सम्बन्ध जोड़ लेते हैं। बिना शब्दों के इनसे सम्बन्ध जोड़ना संभव नहीं है।

बाबूलाल दाहिया, जो मूल रूप से बघेली के कवि हैं, और आजकल देसी बीज बचाने में लगे हैं। उन्होंने ऐसे ही लुप्त हो रहे शब्दों, मौखिक ज्ञान और अच्छी परंपराओं पर जोर दिया है। उनसे मैं कई बार मिल चुका हूं, उनके गांव गया हूं, और हमने साथ-साथ लम्बी यात्राएं की हैं। उनसे मेरी इस बारे में विस्तार से बातें होती रही हैं।

मध्यप्रदेश के सतना जिले के उचहेरा ब्लाक में उनका गांव पिथौराबाद है। यह मैहर से करीब 30 किलोमीटर दूर है। बाबूलाल दाहिया की खेती-किसानी के साथ-साथ साहित्य में रूचि रही है। वे बघेली के प्रसिद्ध साहित्यकार हैं। लेकिन जबसे उन्हें यह एहसास हुआ कि जैसे लोकगीत व लोक संस्कृति लुप्त हो रही है, वैसे ही लोक अन्न भी लुप्त हो रहे हैं, तब से उन्होंने इन्हें सहेजने और बचाने का काम शुरू कर दिया।

वे बताते हैं कि जैसे हमारे देसी बीज खत्म हो रहे हैं, वैसे ही उससे जुड़े व परंपरागत खेती से जुड़े कई शब्द भी खत्म हो रहे हैं। पूरी कृषि संस्कृति और जीवन पद्धति खत्म हो रही है। अब हमारा काम गेहूं, चावल और दाल जैसे शब्द से चल जाता है। लेकिन पहले बहुत सारे अनाज होते थे। उनके नाम थे जैसे समा, कोदो, कुटकी, मूंग, उड़द, ज्वार, तिल्ली आदि। फिर उन्हें बोने से लेकर काटने तक कई काम करने पड़ते थे।

वे बताते हैं कि पहले हमारे क्षेत्र में पचासों तरह की धानें हुआ करती थी। इनमें बहुत विविधता है। जैसे गलरी पक्षी की आंख की तरह होता है गलरी धान। इसी तरह किसी धान का दाना सफेद होता है तो किसी का लाल। किसी का काला तो किसी का बैंगनी, किसी का मटमैला। कुछ का दाना पतला तो किसी का मोटा और कोई गोल तो किसी का दाना लंबा। कुछ धान की किस्मों के पौधे हरे होते हैं तो किसी के बैंगनी।

## सपनों का घर बना दर्द का ठिकाना: ससुराल पहुंचते ही महिला पर टूटा अत्याचार।

**अखंड भारत संदेश**

**गाजीपुर। जनपद** के बिरनो क्षेत्र से एक ऐसी घटना सामने आई है, जिसने रिश्तों की मयार्दा और मानवता दोनों को झकझोर कर रख दिया है। जयरामपुर हरिबल्लमपुर गांव की रहने वाली प्रिया विश्वकर्मा ने अपने ही ससुराल को दर्द और अपमान का प्रतीक बताते हुए न्याय की गुहार लगाई है।



प्रिया के मुताबिक, जिस घर में वह अपने नए जीवन की उम्मीद लेकर पहुंची थी, वहीं उसके साथ अमानवीय व्यवहार किया गया। ससुराल पहुंचते ही उसे अपनापन देने के बजाय गालियों और तानों का सामना करना पड़ा। बात इतनी बढ़ गई कि सास, देवर और ननद समेत घर के अन्य सदस्यों ने उसके साथ मारपीट शुरू कर दी। आरोप है कि उसके बाल पकड़कर उसे बेइज्जती के साथ घर से बाहर धकेल दिया गया। पीड़िता का दर्द यहीं खत्म नहीं हुआ। उसने अपने पति अभिषेक पर भी गंभीर आरोप लगाए हैं। प्रिया का कहना है कि उसके पति ने भी उसका साथ देने के बजाय उसे सड़क पर घसीटते हुए पीटा, जिससे उसकी आत्मा तक आहत हो गई। डरी और सहमी प्रिया ने यह भी बताया कि उसे और उसके मायके वालों को जान से मारने और उनका घर जला देने तक की धमकियां दी गईं। इन धमकियों ने उसके मन में भय का गहरा साया छोड़ दिया है। अपनी पीड़ा और अपमान से टूट चुकी प्रिया ने अंततः बिरनो थाने पहुंचकर न्याय की गुहार लगाई है। पुलिस ने उसकी शिकायत दर्ज कर ली है और मामले की जांच शुरू कर दी है। यह घटना सिर्फ एक महिला की कहानी नहीं, बल्कि उन अनगिनत आवाजों की गूंज है जो अपने ही घरों में चुपचाप अत्याचार सहने को मजबूर हैं।

## आकाशीय बिजली गिरने से दंपति गंभीर रूप से झुलसे, जिला अस्पताल रेफर।

**अखंड भारत संदेश**

**गाजीपुर। स्थानीय** सर्किल के थाना करीमुद्दीनपुर क्षेत्र के ग्राम ज्ञानपुर में सोमवार को मौसम के अचानक बदले मिजाज ने एक बड़ा हादसा खड़ा कर दिया। तेज आंधी और बारिश के दौरान आकाशीय बिजली गिरने से एक दंपति गंभीर रूप से झुलस गए।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, ज्ञानपुर निवासी शुकर राजभर (लगभग 45 वर्ष), पुत्र रामबचन राजभर, तथा उनकी पत्नी शिव कुमारी (लगभग 38 वर्ष) घर के पास ही मौजूद थे, तभी अचानक बिजली गिरने से दोनों उसकी चपेट में आ गए। हादसे के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई। परिजन तत्काल दोनों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मोहम्मदाबाद लेकर पहुंचे, जहां चिकित्सकों ने उनकी गंभीर हालत को देखते हुए प्राथमिक उपचार के बाद जिला चिकित्सालय के लिए रेफर कर दिया।


गौरतलब है कि क्षेत्र में पिछले दो-तीन दिनों से मौसम लगातार खराब बना हुआ है। हाल ही में आई तेज आंधी-तूफान में कई पेड़ गिर गए थे और कई लोग घायल भी हुए थे। एक बार फिर मौसम के बिगड़ने से इस तरह की घटना ने लोगों को दहशत में डाल दिया है।

## ऑपरेशन Upi (IS 191) मुख्तार अंसारी के सदस्यों/ सहयोगियों के विरूद्ध की गयी कार्यवाही

**अखंड भारत संदेश**

**गाजीपुर।** जनपद में संगठित/पेशेवर अपराधियों, माफियाओं के विरूद्ध कार्यवाही के क्रम में दिनांक 03.05.2026 के रात्रि में क्र -191 मुख्तार अंसारी गैंग के कुल 61 सदस्यों/ सहयोगियों के ठिकानों पर एक साथ दबिश दी गयी। जनपद में कुल 12 टीमों का गठन कर एक साथ कार्यवाही सम्पादित की गयी। यह कार्यवाही मुख्यतः थाना कोतवाली, थाना मुहम्मदाबाद, थाना जंगीपुर, थाना करण्डा, थाना भांवरकोल क्षेत्रों में की गयी। कुल 02 दर्जन सहयोगियों को थानों पर लाकर उनकी वर्तमान क्रियाकलापों के सम्बन्ध में उनसे पूछताछ की गयी।





उक्त शस्त्र धारको के विषय में पूर्व में निरस्त हो चुके कुल 90 शस्त्रो के वर्तमान समय में जानकारी कर उनका सत्यापन किया गया। उन सभी का पूछताछ कर उनका डोजियर भरा गया तथा उनके विरूद्ध निरोधात्मक कार्यवाही अमल में लाई गई तथा संगठित अपराधियों व माफियाओं के विरूद्ध जनपद गाजीपुर द्वारा कार्यवाही आगे भी निरन्तर जारी रहेगी।

# स्पोर्ट्स स्टेडियम के कार्यों का डीएम ने किया निरीक्षण, शीघ्र पूरा कराने के निर्देश

अखंड भारत संदेश

**चित्रकूट।** जिलाधिकारी पुलकित गर्ग ने सोमवार को स्पोर्ट्स स्टेडियम का निरीक्षण कर चल रहे कार्यों की प्रगति का जायजा लिया। उन्होंने स्टेडियम में बन रहे स्विमिंग पूल के स्थल का निरीक्षण किया और संबंधित अधिकारियों को कार्य शीघ्र पूर्ण कराने के निर्देश दिए।

निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने कार्यदायी संस्था सी एंड डी एस जल निगम को सिंथेटिक ट्रैक निर्माण, बास्केटबॉल व लॉन टेनिस कोर्ट में सिंथेटिक लेयर लगाने, जिम हॉल और बैडमिंटन हॉल के अंदर रबर फ्लोरिंग कराने के साथ ही बॉक्सिंग रिंग के बाहर फेंसिंग का कार्य तेजी से पूरा करने के निर्देश दिए। इसके अलावा स्टेडियम में प्रकाश व्यवस्था को बेहतर बनाने के लिए खराब लाइटों को ठीक कराने के लिए भी सम्बन्धितों को निर्देशित किया। कहा कि स्टेडियम में सिंथेटिक ट्रैक, स्विमिंग पूल सहित अन्य सुविधाएं विकसित होने से खिलाड़ियों को बेहतर प्रशिक्षण और प्रदर्शन का अवसर मिलेगा। इससे आकांक्षी जनपद चित्रकूट के खिलाड़ी राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन कर जिले का नाम रोशन कर सकेंगे। इस मौके पर सम्बन्धित अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।



## अस्मिता खेलो इंडिया लीग में चित्रकूट की बेटियों का शानदार प्रदर्शन

**चित्रकूट।** युवा कार्य एवं खेल मंत्रालय भारत सरकार तथा स्पोर्ट्स अथॉरिटी ऑफ इंडिया के निर्देशन में संचालित अस्मिता खेलो इंडिया लीग के तहत स्पोर्ट्स स्टेडियम कर्वी में एक दिवसीय महिला वॉलीबॉल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। यूपी ओलंपिक एसोसिएशन व जिला ओलंपिक एसोसिएशन के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित इस प्रतियोगिता में जिले की महिला खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन किया।

सदर विधायक अनिल प्रधान ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर प्रतियोगिता का शुभारंभ किया। प्रतियोगिता में जिले की छह टीमों ने भाग लिया, जिनमें स्पोर्ट्स क्लब इटौरा, यूपीएस इटौरा, आरोही पानी संस्थान चकौंध व पहाड़ी, यूपीएस हरिहरपुर और सेंट थॉमस स्कूल खुटहा की टीम शामिल रहीं। प्रतियोगिता में हुए कड़े मुकाबलों के बाद इटौरा की दोनों टीमों ने क्रमशः प्रथम और द्वितीय स्थान प्राप्त किया। विजेता टीम को गोल्ड मेडल व ट्रॉफी तथा उपविजेता को सिल्वर मेडल प्रदान किया गया। वहीं तीसरे स्थान पर आरोही पानी संस्थान पहाड़ी की टीम रही, जिसे ब्रॉन्ज मेडल व ट्रॉफी दी गई। सभी प्रतिभागी टीमों को प्रमाणपत्र भी वितरित किए गए। लीग समन्वयक डॉ. तुषारकांत शास्त्री ने बताया कि अस्मिता लीग, खेलो इंडिया मिशन का महत्वपूर्ण हिस्सा है, जिसका उद्देश्य महिलाओं को खेलों से जोड़कर उन्हें सशक्त बनाना और प्रतिभा को मंच प्रदान करना है। उन्होंने बताया कि इस पहल की शुरूआत वर्ष 2021 में हुई थी, जिसे पहले खेलो इंडिया वीमेंस लीग के नाम से जाना जाता था। समापन समारोह में जिला पंचायत अध्यक्ष अशोक जाटव ने आयोजन की सराहना की। कार्यक्रम की अध्यक्षता दीनदयाल शोधा संस्थान के संगठन सचिव अभय महाजन ने की। जिला ओलंपिक एसोसिएशन के अध्यक्ष विवेक अग्रवाल ने आभार व्यक्त करते हुए कहा कि खेल समाज का महत्वपूर्ण हिस्सा है और ऐसे आयोजन खिलाड़ियों के भविष्य को दिशा देते हैं।

जिला सहकारी बैंक अध्यक्ष पंकज अग्रवाल, वरिष्ठ भाजपा नेता जगदीश प्रसाद गौतम, जिला शासकीय अधिवक्ता अशोक कुमार गुप्ता, व्यापार मण्डल जिलाध्यक्ष राजीव अग्रवाल, समाजसेवी गिरीश अग्रवाल, राकेश चैधरी, रामेन्द्र शर्मा, डॉ. इन्द्रवीर सिंह, गजराज सिंह, शिवकुमार गुप्ता, अंकित कुशवाहा, महेश गर्ग, कमलेश कुमार, राजकुमार निषाद, अशोक सेन, महेश प्रजापति, शशिभूषण सिंह, राजकरण वर्मा, रोहित कुमान, श्रीकेशन, श्यामसुन्द्रर यादव, अंगद यादव, हितेन्द्र सिंह, दीप्ति त्रिपाठी, मुस्कान, साकेत बिहारी शुक्ला आदि मौजूद रहे।

## भाजपा की जीत पर निकला विजय जुलूस, कार्यकताओं ने बांटी मिठाई

**चित्रकूट।** पश्चिम बंगाल, असम व पांडुचेरी में भारतीय जनता पार्टी की जीत पर सोमवार को भाजपा जिला पदाधिकारियों ने जिला कार्यालय से धनुष चैराहे तक ढोल-नगाड़ों के साथ विजय जुलूस निकाला औरएक-दूसरे को मिठाई खिलाकर खुशी जाहिर की। जुलूस के दौरान भाजपा जिलाध्यक्ष महेंद्र कोटार्य ने कहा कि यह जीत लंबे समय से संघर्ष कर रहे कार्यकताओं की मेहनत का परिणाम है। पूर्व सांसद भैरों प्रसाद मिश्र ने कहा कि पश्चिम बंगाल में जनता ने तृणमूल कौंग्रेस सरकार के खिलाफ अपना जनादेश दिया है। पूर्व जिलाध्यक्ष चंद्र प्रकाश खरे ने इस जीत को केंद्र की नरेंद्र मोदी सरकार की नीतियों और ङ्घसबका साथ, सबका विकासङ्घ के नारे की जीत बताया। पूर्व मंत्री चंद्रिका प्रसाद उपाध्याय ने कहा कि यह विजय पश्चिम बंगाल के विकास का मार्ग प्रशस्त करेगी। नेत्री रंजना उपाध्याय, दिव्या त्रिपाठी, अंजू वर्मा और राजेश्वरी द्विवेदी ने इसे जनता के भाजपा पर विश्वास की जीत बताया। पंकज अग्रवाल ने सभी कार्यकताओं को बधाई दी। जिला मीडिया प्रभारी भागवत त्रिपाठी ने कहा कि इस जीत से कार्यकताओं का मनोबल बढ़ेगा और आगामी उत्तर प्रदेश चुनाव में पार्टी को और बेहतर परिणाम मिलेंगे। इस मौके पर भाजपा नेत्री अश्विनी अवस्थी, जवाहर सोनी, श्रवण पटेल, अर्पित जायसवाल, किशन अग्रहरि, अखिलेश रैकवार, सुशील द्विवेदी, प्रेमलाल बाल्मीकि, राधे परिहार, राजा, रवि गुप्ता, राजेंद्र अग्रहरि, संजय पाण्डेय, आदित्य, सुखेंद्र सिंह आदि मौजूद रहे।

## चित्रकूट को वैश्विक पहचान दिलाने का संकल्प, प्रधानाचार्य राघवेंद्र पांडेय सम्मानित

**चित्रकूट।** बेड़ीपुलिया स्थित बैजनाथ भारद्वाज सरस्वती विद्या मंदिर के प्रधानाचार्य राघवेंद्र पांडेय को जिले को पुनः यूपी मेरिट में तृतीय स्थान दिलाने पर सनातन शोध संस्थान द्वारा सम्मानित किया गया। धर्मनगरी में आयोजित एक गोष्ठी में संस्थान के महासचिव संदीप रिछारिया ने कहा कि चित्रकूट केवल भौगोलिक इकाई नहीं, बल्कि आध्यात्मिक और सांस्कृतिक दृष्टि से अत्यंत महत्वपूर्ण तपोभूमि है। उन्होंने चित्रकूट को केंद्र शासित प्रदेश बनाने और आराध्य श्री कामदगिरि को विश्व धरोहर घोषित कराने की मांग उठाई। संस्थान के उपाध्यक्ष आनंद सिंह पटेल ने कहा कि चित्रकूट को वैश्विक पहचान दिलाने का अभियान अब जनचेतना का रूप ले चुका है। उपाध्यक्ष डॉ. संतोष मिश्रा ने बताया कि संस्था द्वारा 16 मई को फ्रेंच भाषा प्रशिक्षण और प्रत्येक रविवार को निःशुल्क कैरियर काउंसलिंग कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा, जिससे युवाओं को अंतरराष्ट्रीय अवसर मिल सकें। मंत्री दयाशंकर गंगेले ने सांस्कृतिक विरासत के संरक्षण के साथ आर्थिक विकास पर जोर दिया। वहीं मंत्री रविकरण तिवारी ने कहा कि चित्रकूट को केवल पर्यटन स्थल के रूप में प्रस्तुत करना उसकी आध्यात्मिक गरिमा के अनुरूप नहीं है। कार्यक्रम में अभिनेता एवं सहायक निर्देशक शिवांशु रिछारिया ने अभिनय प्रशिक्षण की नई पहल की जानकारी दी। निशांत चतुवेर्दी ने युवाओं के मार्गदर्शन पर प्रकाश डाला। इस अवसर पर सरस्वती सोनी, पूर्व डीएफओ दीक्षित, मीडिया प्रभारी पंकज मिश्रा आदि मौजूद रहे।

# रामघाट में आयुष आपके द्वार के तहत निःशुल्क होम्योपैथिक शिविर का हुआ आयोजन

अखंड भारत संदेश

**चित्रकूट।** आयुष आपके द्वार कार्यक्रम के अंतर्गत सोमवार को रामघाट स्थित श्री मत्तगजेंद्रनाथ स्वामी मंदिर परिसर में निःशुल्क होम्योपैथिक चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें कुल 155 श्रद्धालुओं व मरीजों का स्वास्थ्य परीक्षण कर निःशुल्क दवाओं का वितरण किया गया। जिला होम्योपैथिक चिकित्साधिकारी डॉ. दिलीप सिंह ने बताया कि निःशुल्क होम्योपैथिक चिकित्सा शिविर में गठिया, कमर दर्द, गैस, डायबिटीज व चर्म रोग सहित अन्य रोगों के कुल 155 मरीजों का स्वास्थ्य परीक्षण कर निःशुल्क औषधि का वितरण किया गया। साथ ही संचारी एवं संक्रामक रोगों से बचाव के उपाय बताते हुए होम्योपैथिक औषधियों की उपयोगिता के बारे में जानकारी दी गई। इसके अलावा ग्रीष्म ऋतु के दृष्टिगत होने वाले रोगों के लक्षण व बचाव की जानकारी देते हुए सतर्क रहने की सलाह दी गई। शिविर में वरिष्ठ चिकित्साधिकारी डॉ. मुकेश पांडेय, डॉ. प्रीति झा, फार्मासिस्ट आदर्श कुमार, आउटसोर्सिंग कर्मी राम बाबू व मनोज ने मरीजों का स्वास्थ्य परीक्षण कर सेवाएं दी।




# अधिवक्ता के घर चोरी का खुलासा न होने पर बार एसोसिएशन ने जताई नाराजगी

### बाल्मीकि आश्रम का भी उठाया मुद्दा

अखंड भारत संदेश

**चित्रकूट।** जिला बार एसोसिएशन की बैठक सोमवार को बार भवन के मीटिंग हाल में आयोजित की गई। जिसमें अध्यक्ष सुशील कुमार मिश्रा और महासचिव विजय प्रकाश त्रिपाठी ने महर्षि बाल्मीकि आश्रम लालापुर में चल रहे विवाद एवं अधिवक्ता शिवनरेश यादव के घर हुई चोरी के मामले में पुलिस की कार्यशैली पर सवाल उठाए।

अध्यक्ष सुशील कुमार मिश्रा ने कहा कि जिले के थानों में भ्रष्टाचार के कारण पीड़ितों को न्याय नहीं मिल पा रहा है। उन्होंने बताया कि अधिवक्ता शिवनरेश यादव के घर लगभग एक माह पूर्व चोरी हुई थी, जिसमें लाखों रुपये का सामान चोरी हो गया था। इस संबंध में भरतकूप थाने में एफआईआर दर्ज कराई गई थी। मामले के खुलासे के लिए अधिवक्ताओं का प्रतिनिधिमंडल पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार से भी मिल चुका है, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई। लालापुर स्थित महर्षि बाल्मीकि आश्रम के विवाद का भी मुद्दा उठाते हुए अधिवक्ताओं ने आरोप लगाया कि बाबा भरतदास द्वारा सोशल मीडिया पर महिलाओं के खिलाफ आपत्तिजनक पोस्ट की गई है, जिससे क्षेत्र की छवि प्रभावित हो रही है। बाबा के खिलाफ पहले से कई मामलों में मुकदमे दर्ज होने के बावजूद पुलिस द्वारा कार्रवाई न किए जाने पर नाराजगी जताई गई। महासचिव विजय प्रकाश त्रिपाठी ने कहा कि पुलिस की पक्षपातपूर्ण कार्यशैली को लेकर अधिवक्ताओं में आक्रोश है। सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि यदि चोरी की घटना का खुलासा और बाबा भरतदास के खिलाफ दर्ज मामलों में कार्रवाई नहीं हुई तो आगामी आठ मई को पुलिस प्रशासन के खिलाफ जनआंदोलन किया जाएगा।



## चित्रकूट को केंद्र शासित प्रदेश बनाने की मांग सनातन शोध संस्थान ने विश्व धरोहर बनाने का संकल्प लिया, प्रधानाचार्य सम्मानित हुए

**चित्रकूट।** चित्रकूट के आनंद रिजॉर्ट में सनातन शोध संस्थान द्वारा आयोजित एक गोष्ठी में जिले को केंद्र शासित प्रदेश बनाने और आराध्य श्री कामदगिरि को विश्व धरोहर घोषित करने की मांग उठी। इस अवसर पर बैजनाथ भारद्वाज सरस्वती विद्या मंदिर के प्रधानाचार्य राघवेंद्र पांडेय को सम्मानित किया गया, जिन्होंने जिले को यूपी मेरिट में तृतीय स्थान दिलाया था।

संस्थान के महासचिव संदीप रिछारिया ने अपने संबोधन में चित्रकूट को 'सृष्टि के आदि स्वर की अभिव्यक्ति' बताया। उन्होंने कहा कि यह भूमि प्रशासनिक सीमाओं से सीमित है, अतः इसे प्रदेशीय बंधनों से मुक्त कर केंद्र शासित प्रदेश का स्वरूप दिया जाना चाहिए। उन्होंने श्री कामदगिरि को विश्व धरोहर घोषित कराने का भी संकल्प व्यक्त किया।

संस्थान के उपाध्यक्ष आनंद सिंह पटेल ने कहा कि चित्रकूट को वैश्विक पहचान दिलाने का यह प्रयास अब जनचेतना का रूप ले चुका है। एक अन्य उपाध्यक्ष डॉ. संतोष मिश्रा ने बताया कि संस्था का उद्देश्य धरोहरों के संरक्षण के साथ नई पीढ़ी को श्रीरामचरित के मानवीय आदर्शों से जोड़ना है।


डॉ. मिश्रा ने जानकारी दी कि 16 मई को फ्रेंच भाषा प्रशिक्षण तथा रविवार को निःशुल्क कैरियर काउंसलिंग आयोजित की जाएगी। इन पहलों का उद्देश्य युवाओं को अंतरराष्ट्रीय अवसरों से जोड़ना है। मंत्री दयाशंकर गंगेले ने सांस्कृतिक विरासत के संरक्षण के साथ आर्थिक विकास पर बल दिया। मंत्री रविकरण तिवारी ने कहा कि चित्रकूट को मात्र पर्यटन स्थल के रूप में प्रस्तुत करना उसकी आध्यात्मिक गरिमा के विपरीत है।

इस अवसर पर अभिनेता एवं सहायक निर्देशक शिवांशु रिछारिया ने अभिनय प्रशिक्षण की नई पहल की जानकारी दी, जबकि निशांत चतुवेर्दी ने युवाओं के मार्गदर्शन पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम में सरस्वती सोनी, पूर्व डीएफओ दीक्षित, मीडिया प्रभारी पंकज मिश्रा सहित अनेक गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

# अफ्रीका में भारत ने खोद निकाला तेल का सबसे बड़ा कुआं, पूरी दुनिया को चौंका दिया

**अफ्रीका**

**जहां** चाह वहां राह और जब इरादे भारत जैसे मजबूत हो तो राह सिर्फ बनती नहीं इतिहास भी लिखती है। जब अमेरिका और ईरान के बीच तनाव चरम पर है। तेल बाजार में हड़कंप मचा हुआ है। पूरी दुनिया महंगाई के डर से कांप रही है। उसी समय भारत ने चुपचाप ऐसा कदम उठाया जिसने खेल बदल दिया। खबर आई उत्तर अफ्रीका के देश लीबिया से वही लीबिया जिसे अस्थिरता, गृह युद्ध और खतरे का इलाका माना जाता है। लेकिन इसी धरती पर भारत की सरकारी कंपनियों ने वो कर दिखाया जिसकी किसी को उम्मीद नहीं थी। भारत की कंपनियां ऑयल इंडिया लिमिटेड और इंडियन ऑयल ने लीबिया के गदा मिस बेसिन में बड़ी सफलता हासिल की। रिपोर्ट्स के मुताबिक वहां छठे कुएं की ड्रिलिंग के दौरान बड़े तेल भंडार मिलने के संकेत हैं। अब जरा आप सोचिए जब दुनिया तेल के लिए परेशान थी तब भारत रेगिस्तान के नीचे अपना भविष्य तलाश रहा था। भारत आज अपनी जरूरत का बड़ा हिस्सा विदेशों से तेल खरीदता है। इसका मतलब साफ है कि अगर दुनिया में युद्ध हो, सप्लाई रुके तो सीधा असर भारत की जेब पर पड़ता है। पेट्रोल महंगा, डीजल महंगा और महंगाई तेजी से बढ़ जाती है। लेकिन इस बार भारत ने पहले से तैयारी कर रखी थी। लीबिया का गदा मिस बेसिन तेल के लिए मशहूर माना जाता है। यहां का क्रूड ऑयल अच्छी क्वालिटी का बताया जाता है जिसे रिफाइन करना आसान होता है। अगर भारत को यहां स्थाई उत्पादन मिल गया तो यह सिर्फ व्यापार नहीं रणनीतिक जीत होगी क्योंकि इसका सीधा मतलब होगा भारत अब सिर्फ खरीददार नहीं रहेगा सबसे बड़ा खिलाड़ी बनेगा। दोस्तों, सबसे बड़ी बात यह है कि लीबिया जैसा देश आसान नहीं है। वहां राजनीतिक अस्थिरता है। अलग-



अलग गुट सक्रिय हैं। सुरक्षा चुनौतियां हैं। ऐसे माहौल में जाकर काम करना कोई साधारण बात नहीं है। लेकिन भारत ने वहां भरोसे का रिश्ता बनाया। भारत ने सिर्फ संसाधन नहीं देखे बल्कि साझेदारी का मॉडल अपनाया। यही वजह है कि भारतीय कंपनियों को वहां स्वीकारिता मिल गई। ऐसे में सवाल उठता है क्या इससे भारत में पेट्रोल सस्ता हो जाएगा? देखिए सीधा जवाब तो तुरंत नहीं है लेकिन लंबे समय में फायदा जरूर हो सकता है क्योंकि जब किसी देश के पास खुद के स्रोत बढ़ते हैं तो वैश्विक संकटों से कम प्रभावित होता है। सरकार के पास कीमतों को संभालने की ताकत बढ़ जाती है। यानी आज लीबिया में जो हो रहा है उसका असर कल आपकी जेब पर दिख सकता है। लेकिन कहानी यहीं खत्म नहीं होती है।

भारत सिर्फ लीबिया तक सीमित नहीं है। रूस के सखालिन और साइबेरिया क्षेत्रों में भारतीय निवेश पहले से मौजूद हैं। मुंजाबिक के गैस प्रोजेक्ट हैं। ब्राजील और लैटिन अमेरिका में भी भारत मौके तलाश रहा है। यह एक बड़ी रणनीति है एनर्जी डायवर्सिफिकेशन की। मतलब अगर एक जगह संकट आ जाए तो दूसरे स्रोत चालू रहे। यही समझदार देशों की सबसे बड़ी पहचान होती है। आज दुनिया समझ रही है कि भारत सिर्फ बाजार नहीं है बल्कि भविष्य की ताकत है।

# मिशन वापसी पर पुनर्विचार की मांग



**संयुक्त राष्ट्र**

**संयुक्त** राष्ट्र में पीपुल्स रिपब्लिक ऑफ चाइना के स्थायी प्रतिनिधि फू कोंग ने शनिवार को कहा कि मई महीने के लिए सुरक्षा परिषद की घूर्णनशील अध्यक्षता ग्रहण करना उनके लिए बहुत सम्मान की बात है। अल जजीरा की रिपोर्ट के अनुसार, फू ने कहा कि चीन जिन मुद्दों पर विचार कर रहा है, उनमें से एक दक्षिणी लेबनान में संयुक्त राष्ट्र के शांतिरक्षा मिशन का भविष्य है। पिछले साल अगस्त में संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद द्वारा पारित एक प्रस्ताव का जिक्र करते हुए फू ने कहा हमारा मानना ??है कि हमें यूएनआईएफआईएल को वापस बुलाने के फैसले पर पुनर्विचार करना चाहिए। अल जजीरा के अनुसार, 1978 में इजराइल के आक्रमण के बाद से संयुक्त राष्ट्र के शांतिरक्षक दक्षिणी लेबनान में तैनात हैं, लेकिन पिछले साल परिषद के 15 सदस्यों ने 2026 के अंत से मिशन को समाप्त करने के लिए मतदान किया था।

फू ने कहा मुझे लगता है कि सुरक्षा परिषद के अधिकांश सदस्यों का यही मत है कि अभी यूएनआईएफआईएल को देश के उस हिस्से से वापस बुलाने का समय नहीं है। अल जजीरा के अनुसार, चीन जून में संयुक्त राष्ट्र सचिवालय से आने वाली रिपोर्ट का इंतजार कर रहा है, उसके बाद ही हम अपना रुख स्पष्ट करेंगे। एक्स पर एक पोस्ट में फू ने कहा मई माह के लिए सुरक्षा परिषद की घूर्णनशील अध्यक्षता ग्रहण करना चीन के लिए बहुत सम्मान की बात है। हम पिछले माह अध्यक्ष के रूप में बहरीन द्वारा किए गए कार्यों की सराहना करते हैं। अब जब कमान हमारे हाथों में है, तो हम परिषद के कार्यों में निष्पक्षता और पारदर्शिता बनाए रखेंगे, और दृढ़ जिम्मेदारी की भावना और रचनात्मक दृष्टिकोण के साथ अपने कर्तव्यों का निर्वहन करेंगे, परिषद की एकजुटता और सहयोग को बढ़ावा देने के लिए प्रतिबद्ध रहेंगे, ताकि यह अंतरराष्ट्रीय शांति और सुरक्षा की रक्षा में सकारात्मक भूमिका निभा सके।

1978 के आक्रमण के बाद इजरायली सैनिकों की वापसी की निगरानी के लिए गठित यूनिफिल के अधिकार क्षेत्र को 2006 में इजरायल और लेबनानी समूह हिजबुल्लाह के बीच हुए युद्ध के बाद विस्तारित किया गया और अल जजीरा के अनुसार, इसे विरोधी पक्षों के बीच एक विसैन्यीकृत बफर क्षेत्र के लिए जिम्मेदार बनाया गया था।

# कैद पत्रकारों में आधे उइघुर, रिपोर्ट में खुलासा

**उइघुर**

**उइघुर** मानवाधिकार परियोजना (यूएचआरपी) ने पूर्वी तुर्किस्तान, जिसे उइघुर क्षेत्र के नाम से भी जाना जाता है, में प्रेस पर हो रहे भीषण दमन पर चिंता व्यक्त की है। संगठन के एक विज्ञप्ति के अनुसार, विश्व प्रेस स्वतंत्रता दिवस से पहले, यूएचआरपी का तर्क है कि यह क्षेत्र चीन के पहले से ही कड़े नियंत्रण वाले सूचना वातावरण में मीडिया दमन के सबसे चरम उदाहरणों में से एक है। रिपोर्टर्स विदाउट बॉर्डर्स के 2025 प्रेस स्वतंत्रता सूचकांक का हवाला देते हुए, यूएचआरपी ने बताया कि चीन 180 देशों में 178वें स्थान पर है, जो स्वतंत्र पत्रकारिता के लिए लगातार खराब परिस्थितियों को दशार्ता है। यूएचआरपी की विज्ञप्ति के अनुसार, पूर्वी तुर्किस्तान इस राष्ट्रीय परिदृश्य के सबसे कठिन छोर पर है, जहां विदेशी संवाददाताओं और स्थानीय उइघुर पत्रकारों दोनों को व्यवस्थित प्रतिबंधों का सामना करना पड़ता है।

विदेशी संवाददाता क्लब ऑफ चाइना (एफसीसीसी) के निष्कर्षों का हवाला देते हुए, यूएचआरपी ने कहा कि 2024 में उइघुर क्षेत्र से रिपोर्टिंग करने का प्रयास करने वाले विदेशी पत्रकारों पर सादे कपड़ों में पुलिस द्वारा निगरानी रखी गई, जबकि संभावित साक्षात्कारकताओं को बोलने से पहले नियमित रूप से डराया-धमकाया गया। प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार, एफसीसीसी द्वारा किए गए सर्वेक्षण में शामिल क्षेत्र की यात्रा करने वाले तीन-चौथाई से अधिक पत्रकारों को अपनी रिपोर्टिंग में गंभीर बाधाओं का सामना करना पड़ा।

# ईरान को पेमेंट पर लगेंगे कड़े प्रतिबंध



**अमेरिका**

**अमेरिका** ने शिपिंग कंपनियों को चेतावनी दी है कि होर्मुज जलडमरूमध्य से सुरक्षित रूप से गुजरने के लिए ईरान को भुगतान करने पर उन्हें प्रतिबंधों का सामना करना पड़ सकता है। हॉर्मुज जलडमरूमध्य पर नियंत्रण को लेकर अमेरिका और ईरान के बीच जारी टकराव के बीच अमेरिकी विदेशी संपत्ति नियंत्रण कार्यालय (ओएफएसी) द्वारा शुक्रवार को दी गई चेतावनी ने दबाव और बढ़ा दिया है। आम तौर पर शांति के समय दुनिया के तेल और प्राकृतिक गैस के व्यापार का लगभग पांचवां हिस्सा होर्मुज जलडमरूमध्य से होकर गुजरता है।

ईरान ने 28 फरवरी को अमेरिका और इजराइल द्वारा युद्ध शुरू किए जाने के बाद जहाजों पर हमले की धमकियां देकर और हमले करते हुएजलडमरूमध्य को सामान्य यातायात के लिए लगभग बंद कर दिया। बाद में उसने कुछ जहाजों को अपनी तटरेखा के करीब वैकल्पिक मार्गों से मोड़कर सुरक्षित मार्ग प्रदान करना शुरू किया, और कई बार इस सेवा के लिए शुल्क भी वसूला। अमेरिका की प्रतिबंध चेतावनी का मुख्य केंद्र यह ह्लटोलबूथह्व जैसी व्यवस्थाहै। ओएएफसी के अनुसार, भुगतान की मांगों में केवल नकद ही नहीं, बल्कि डिजिटल परिसंपत्तियां, समायोजन (ऑफसेट), अनौपचारिक अदला-बदली, या अन्य प्रकार के वस्तु-आधारित भुगतान भी शामिल हो सकते हैं, जिनमें परमार्थ दान और ईरानी दूतावासों में किए जाने वाले भुगतान भी शामिल हैं।

ओएफएसी ने कहा कि वह यह चेतावनी इसलिए जारी कर रहा है ताकि अमेरिकी और गैर-अमेरिकी व्यक्तियों को इस बात से अवगत कराया जा सके ।

# भारत के दोस्त रूस पर हमला, अब होगा यूएस के 19 जहाजों का हिसाब!

**रूस**

**राजनीति** और कूटनीति की दुनिया में एक कहावत है कि पुराना दोस्त हमेशा सबसे अच्छा होता है। भारत के लिए रूस वही पुराना और सबसे भरोसेमंद दोस्त है जिसने हर मुश्किल में भारत का साथ दिया। लेकिन 2 मई को जब दुनिया की नजरें ईरान और अमेरिका के तनाव पर है तब हमारे दोस्त रूस से एक परेशान करने वाली खबर आई। रूस की सबसे बड़ी ऑयल रिफाइनियों में से एक को यूक्रेन के ड्रोंस ने निशाना बनाया है। पिछले कुछ दिनों में यह उसका यानी यूक्रेन का चौथा हमला है। यह सिर्फ यूक्रेन के ड्रोन नहीं है बल्कि इसके पीछे की सोच वाशिंगटन की है। ऐसे में सवाल उठ रहे हैं कि क्या डोनाल्ड ट्रंप के इशारे पर रूस की अर्थव्यवस्था की रीड



कहे जाने वाले तेल ठिकानों को बर्बाद किया जा रहा है। पुतिन और ट्रंप के बीच 90 मिनट की बातचीत हुई जिसमें तनाव साफ दिखा और फिर रूस के 10 बड़े तेल ठिकानों को निशाना बनाया गया। लेकिन अमेरिका को याद रखना चाहिए कि अगर रूस का तेल जला तो इसकी तपिश पूरी दुनिया महसूस करेगी और भारत का दोस्त रूस अकेला नहीं है।

होर्मुज की खाड़ी यहां अमेरिका के 19 घातक युद्धपोत तैनात है। जिन्होंने ईरान का रास्ता रोकने की कोशिश की। लेकिन ईरान ने अब आर-पार की लड़ाई का मन बना लिया है। सूत्रों का दावा है कि ईरान ने अमेरिका के इस ब्लॉकेट को तोड़ने के लिए एक खुफिया रणनीति बनाई है। इस रणनीति में ईरान के साथ रूस के युद्ध एक्सपर्ट और चीन के जासूस सेटेलाइट शामिल है। ईरान ने यह साफ कर दिया है कि अगर यह घेराबंदी नहीं हटी तो अमेरिका के यह 19 जहाज समंदर की गहराई में होंगे। अब अमेरिका डरा हुआ है। क्यों? क्योंकि इसकी वजह है ईरान की मिसाइल तकनीक। हाल ही में अमेरिकी वाइट हाउस में एक हाई लेवल मीटिंग होती है। सेंट कॉम के चीफ ब्रैट कूपर ने डोनाल्ड ट्रंप को ब्रीफ किया कि ईरान की मिसाइलें साधारण नहीं है। वे एमआईआरवी यानी मल्टीपल इंडिपेंडेंटली टारगेटेबल रीएंट्री व्हीकल तकनीक से लैस है। यानी एक मिसाइल जो हवा में अपना रास्ता बदल सकती है और जिसे कोई भी डिफेंस सिस्टम नहीं रोक सकता है।

इसी वजह से अमेरिका अब डार्क ईगल जैसी हाइपरसोनिक मिसाइलें मांग रहा है जिसकी रफ्तार 6000 किमी/ घंटे से ज्यादा है। इस युद्ध का असर अब पड़ोसियों पर भी दिखने लगा।

# इजरायल से जुड़े 2 और लोगों को लटकाया

**ईरान**

**ईरान** ने शनिवार को दो लोगों को फांसी दे दी, जिन पर इजरायल के लिए जासूसी करने का आरोप था। इनमें से एक पर मध्य इस्फहान प्रांत के नतान्ज परमाणु स्थल के पास खुफिया जानकारी जुटाने का आरोप था। ईरानी मीडिया ने यह जानकारी दी। न्यायपालिका ने कहा कि यागुब करीमपुर और नासिर बकरजादेह को इजरायल और उसकी जासूसी एजेंसी मोसाद के साथ खुफिया सहयोग करने का दोषी पाए जाने के बाद फांसी दी गई। करीमपुर पर मोसाद के एक अधिकारी को संवेदनशील जानकारी देने का आरोप था, जबकि बकरजादेह पर सरकारी और धार्मिक हस्तियों के साथ-साथ नतान्ज क्षेत्र सहित महत्वपूर्ण स्थलों के बारे में जानकारी जुटाने का आरोप था।


दो सप्ताह से भी कम समय में यह दूसरी ऐसी फांसी है। 20 अप्रैल को ईरान ने दो लोगों को फांसी दी, जिन्हें इजरायल की मोसाद खुफिया सेवा के साथ सहयोग करने और देश के भीतर हमले की योजना बनाने के आरोप में दोषी ठहराया गया था। मोहम्मद मासूम शाही और हामेद वलीदी के रूप में पहचाने गए इन दोनों पर मोसाद से जुड़े एक जासूसी नेटवर्क का हिस्सा होने और इराक के कुर्दिस्तान क्षेत्र सहित विदेशों में प्रशिक्षण प्राप्त करने का आरोप था। हालांकि, ईरान के पीपुल्स मुजाहिदीन संगठन, जिससे वे कथित तौर पर जुड़े थे, ने इन आरोपों से इनकार किया। पेरिस स्थित ईरान के राष्ट्रीय प्रतिरोध परिषद की निर्वाचित अध्यक्ष मरियम रजावी ने एक्स पर कहा कि उनका एकमात्र "अपराध स्वतंत्रता और अपने लोगों की मुक्ति के प्रति उनकी प्रतिबद्धता थी। संयुक्त राष्ट्र मानवाधिकार निकाय ने बुधवार को कहा कि ईरान ने 28 फरवरी से, जब अमेरिका और इजरायल के साथ युद्ध शुरू हुआ।

# ईरान में फटा अमेरिकी बम, मारे गए आईआरजीसी के 14 सैनिक

**ईरान**

**ईरान** में हुए एक जबरदस्त धमाके से हाहाकार मच गया। यह धमाका एक शक्तिशाली बम के फटने का था। इस धमाके में आईआरजीसी यानी इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्डकोर के 14 सैनिकों की मौत हो गई। यह जानकारी ईरान की आधिकारिक समाचार एजेंसी फोर्स न्यूज ने जारी की है। यह बम धमाका शुक्रवार को उत्तर पश्चिमी प्रांत झंझन में हुआ। यहां आईआरजीसी के सैनिक सफाई अभियान चला रहे थे। ईरानी मीडिया के मुताबिक उत्तर पश्चिमी ईरान में बम निष्क्रिय करने के अभियान के दौरान यह धमाका हुआ है। इसमें आईआरजीसी के 14 सदस्य मारे गए जबकि दो अन्य घायल हो गए हैं।

फर्स्ट न्यूज एजेंसी ने बताया कि यह हादसा जांजन प्रांत में हुआ। जब एक खास



क्लीयरेंस मिशन के दौरान अचानक बम फट गया। मारे गए लोग उस यूनिट का हिस्सा थे जिसे इलाके में बचे हुए बमों को हटाने और बेअसर करने का काम सौंपा गया था। स्थानीय अधिकारियों का कहना है कि इससे ईरानी आवाम और खेती की जमीन को लगातार खतरा बना हुआ है। जिंदा बमों की मौजूदगी की वजह से इलाके में लगभग 1200 हेक्टेयर खेती की जमीन खतरे में है। आईआरजीसी की अंसार अल महदी यूनिट ने इस बारे में एक बयान जारी किया है। इस बयान के मुताबिक यह बम धमाका युद्ध के समय फैले अज्ञात गोला बारूद की वजह से हुआ।

इस धमाके में मारे गए 14 सैनिक यूनिट के सबसे अनुभवी और विशेषज्ञ सैनिक माने जाते थे। माना जा रहा है कि इलाके में मिला गोला बारूद युद्ध के दौरान इस्तेमाल किए गए क्लस्टर बम और फाइटर जेट से गिराए गए बारूदी माइंस की वजह से वहां मौजूद था। इस धमाके में घायल हुए दोनों सैनिकों को नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। जहां दोनों का इलाज चल रहा है।

अखंड भारत संदेश
स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक
स्वामी श्री योगी सत्यम् फॉर
योग सत्संग समिति
द्वारा विपिन इण्टरप्राइजेज
1/6C माधव कुंज
कटरा, प्रयागराज से मुद्रित
एवं
क्रियायोग आश्रम एण्ड अनुसंधान संस्थान
झूंसी, प्रयागराज उत्तर प्रदेश
से प्रकाशित

सम्पादक
स्वामी श्री योगी सत्यम्
RNI NO. UPHIN/2001/09025

प्रबन्धक
अनूप मिश्रा

ऑफिस मो.:
9565333000

Email:
akhandbharatsandesh1@gmail.com

सभी विवादो का न्याय क्षेत्र
प्रयागराज होगा

# ईरान की धमकियों से बौखलाए तुर्की ने बनाया दुनिया का सबसे खतरनाक ड्रोन, बिना GPS नेविगेट करेगा, वीआईपी लोगों के लिए बड़ा थ्रेट



**ईरान**

**दुनिया** की जंग अब सिर्फ मिसाइलों और टैंकों तक सीमित नहीं रही। अब लड़ाई का मैदान आसमान है। जहां एआई और स्मार्ट टेक्नोलॉजी गेम बदल रही हैं। तुर्की की मशहूर ड्रोन कंपनी बायकर ने एक ऐसा ड्रोन पेश किया है जो बिना जीपीएस की दुश्मन को ढूंढकर मार सकता है। घंटों आसमान में मंडरा सकता है और सही वक्त आने पर घातक हमला कर सकता है। इसका नाम है मिजराक जिसका मतलब है तीर या भाला। दरअसल बायकर का मिजराक एक एआई पावर्ड कैमिकाजे ड्रोन है जिसे लाइटनिंग मुनिशन कहा जाता है। यानी यह पहले हवा में घूमकर अपने लक्ष्य की तलाश करता है और फिर हमला करता है। इसकी रेंज 1000 किमी से ज्यादा है और यह करीब 7 घंटे तक हवा में रह सकता है। करीब 200 किलो वजनी यह ड्रोन 185 किमी घंटे की रफ्तार से उड़ सकता है और 10,000 फीट की ऊंचाई तक जा सकता है। इसमें 40 किलो तक का वॉर हेड लगाया जा सकता है जो बड़े पैमाने पर नुकसान पहुंचाने में सक्षम है।

इसे रनवे या रॉकेट असिस्ट दोनों तरीके से लॉन्च किया जा सकता है। मिजरक के दो वेरिएंट है। एक हैवी डैमेज के लिए 40 किलो डबल वॉर हेड के साथ और दूसरा 20 किलो वॉर हेड के साथ रेडियो फ्रीक्वेंसी सीकर जो रडार वाले टारगेट को आसानी से पहचान सकता है। इसमें ईओ और आईआर कैमरे लगे हैं जो निगरानी और टारगेट पहचानने में मदद करते हैं। लेकिन इसकी सबसे खतरनाक ताकत जीपीएस के बिना काम करने की क्षमता है। आमतौर पर ड्रोन जीपीएस पर निर्भर होते हैं। जिन्हें दुश्मन जैम कर सकता है। लेकिन मिजक में ए्र पावर्ड ऑटो पायलट इनशियल नेविगेशन सिस्टम है और कंप्यूटर विजन टेक्नोलॉजी लगी है। यह ड्रोन कैमरे से मिलने वाली तस्वीरों को रियल टाइम में प्रोसेस करता है। आसपास के लैंडमार्क्स में अपनी पोजीशन मिलाता है और स्लैम जैसी तकनीक के जरिए खुद अपना नक्शा बनाकर आगे बढ़ता है। यानी जीपीएस जैमिंग भी इसे रोक नहीं सकती। यही वजह है कि वीआईपीस और हाई वैल्यूस टारगेट के लिए यह एक बड़ा खतरा बन सकता है। यह 1000 किमी.दूर से आकर घंटों तक किसी इलाके में घूम सकता है। खुद टारगेट पहचान सकता है और सही समय पर हमला कर सकता है। वह भी बिना किसी इंसानी कंट्रोल के। जहां कई ड्रोन मिलकर एक साथ हमला करते हैं जिससे बचाव और भी मुश्किल हो जाता है।

मिजरक सिर्फ एक ड्रोन नहीं बल्कि आने वाले युद्ध की नई सोच का संकेत है। बकर ने एआई और ऑटोनॉमस टेक्नोलॉजी के जरिए यह दिखा दिया है कि भविष्य की जंग कितनी स्मार्ट और खतरनाक हो सकती है। लंबी दूरी, भारी पैलोड, जीपीएस फ्री ऑपरेशन और खुद टारगेट पहचानने की क्षमता यह सभी खूबियां इसे एक गेम चेंजर बना सकती हैं।